तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 1 दिसंबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



सिम्स रोड पर मवेशियों का जमावड़ा से जाम में फंसे लोग।

## खबर संक्षेप

### निगम ने चौक चौराहे पर जलाए अलाव



**बिलासपुर।** तापमान में गिरावट और बढ़ती ठंड को देखते हुए शहर के चौक चौराहों में नगर पालिक निगम द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई है। शहर के प्रमुख स्थानों में अलाव से लोगों को ठंड से काफी राहत मिलेगी। सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर नियमित अलाव जले,इसके लिए निगम कमिश्नर अमित कुमार ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देश दिए है। नवंबर माह के अंत में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है,गिरते पारा और शुष्क मौसम के कारण शाम होते ही ठंड बढ़ने लगी है जिसे देखते हुए निगम प्रशासन ने सभी जोन के प्रमुख स्थान और चौक चौराहो पर अलाव जलाना शुरू कर दिया है। ताकि नागरिकों को बढ़ती ठंड में राहत मिल सके।

### पालना सहायिका के रिक्त पद पर आवेदन 4 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 डा. भीमराव अम्बेडकर नगर अंतर्गत पालना केंद्र पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग परिसर हेतु पालना सहायिका के रिक्त 1 पद पर 4 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। सहायिका पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास एवं संबंधित वार्ड निवासी होना आवश्यक है। आवेदन के संबंध में अधिक जानकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

### आंगनबाड़ी के रिक्त पदों पर आवेदन 4 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी अंतर्गत वार्ड 46 गणेश नगर के आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 170 नयापारा गणेशनगर एवं वार्ड क्र 67 विद्यासागर नगर के केंद्र क्र. 80 लोधीपारा सरकंडा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1-1 रिक्त पदों पर 4 दिसम्बर तक आवेदन कर जा सकते हैं। रिक्त पदों की जानकारी तथा निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दी गई हैं। इच्छुक आवेदिका बंद लिफाफा अथवा पंजीबद्ध डाक से आवेदन पत्र जमा कर सकती है।

### राशन दुकान खोलने 12 तक आवेदन आमंत्रित

**बिलासपुर।** मस्तुरी विकासखण्ड के ग्राम रिस्दा में राशन दुकान खोलने के लिए 12 दिसम्बर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। इच्छुक आवेदक अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय मस्तूरी के खाद्य शाखा में उक्त तिथि तक आवेदन दे सकते हैं। आवेदन के लिए ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समिति, अन्य सहकारी समितियां, लेम्प समितियां और वन सुरक्षा समितियां पात्रता रखते हैं।

### ज्यूडिशियल असिस्टेंट भर्ती परीक्षा 4 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट के 133 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए 25 नवंबर तक फॉर्म भरा गया था। यह परीक्षा अगले साल 4 जनवरी को होगी। इसके लिए रायपुर व बिलासपुर में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक मांगी गई है। इसके अलावा आवेदकों के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एक वर्ष का कंप्यूटर डिप्लोमा, आईटीआई या समकक्ष प्रमाणपत्र होना आवश्यक है।

# 280 से अधिक स्कूलों में होगी मध्याह्न भोजन की जांच, चखना रजिस्टर भी रखा गया, पहले शिक्षक खाएंगे फिर बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से इस साल 300 स्कूलों के मध्याह्न भोजन का सैंपल कलेक्ट कर प्रोटीन और कैलोरी जांच की जा रही है। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से अमरावती के लैब से अनुबंध किया गया है। इसमें यह पता लगाया जाएगा कि स्कूलों में दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन में बच्चों को कितनी मात्रा में कैलोरी और प्रोटीन मिल रही है ।जिन स्कूलों में प्रोटीन व कैलोरी की मात्रा कम दी जा रही है वहां स्व-सहायता समूहों से अनुबंध निरस्त कर दिया जाएगा। खास बात है कि हर स्कूल में चखना रजिस्टर भी रखा गया है। मध्यान्ह भोजन बनने के बाद पहले स्कूल के शिक्षक उसे खाएंगे और फिर बच्चों को देते हुए इस रजिस्टर में नोट किया जाएगा।

गौरतलब है कि मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी और गुणवत्ता को लेकर हाईकोर्ट ने भी कई बार संज्ञान लिया है। इसके बाद मुख्य सचिव ने मध्याह्न भोजन को लेकर गाइड लाइन भी जारी की थी। वहीं कई बार मध्याह्न भोजन के लिए तय मैन्यू का भी पालन नहीं करने की शिकायतें भी मिल रहीं हैं। इससे पहले हर साल सिर्फ 150 स्कूलों के ही मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच होती थी। इस साल स्कूलों की संख्या में वृद्धि की गई है। आंकड़ों के मुताबिक हर साल 150 में से 10 फीसदी रिपोर्ट में यह निकल कर आ रहा है कि स्कूलों में प्रोटीन की मात्रा कम है। इसके पीछे तर्क दिया जाता है कि मध्याह्न भोजन में बच्चों को चावल दिया जाता है। इससे इन्हें भरपूर कैलोरी तो मिल जाती है किन्तु दाल पर्याप्त नहीं मिल पा रही है। इस कारण प्रोटीन की मात्रा में कमी आ रही है। रिपोर्ट आने के बाद ऐसे स्कूलों से सहायता समूहों को हटाकर दूसरे समूहों को काम दिया जा रहा है।

### खास बातें

- बच्चों के भोजन में प्रोटीन और कैलोरी की होगी पड़ताल
- सही मात्रा में गुणवत्ता नहीं मिली तो समूहों से अनुबंध निरस्त



### 25 लाख से ज्यादा बच्चों को रोजाना भोजन

गौरतलब है कि राज्य में करीबन 45 हजार स्कूलों की संख्या है। इनमें 55 लाख बच्चे पढ़ रहे हैं। पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को मध्याह्न भोजन दिया जाता है। इस हिसाब से करीब 25 लाख से ज्यादा बच्चों को रोजाना मध्याह्न भोजन दिया जाता है। वहीं कुछ शहर में सिर्फ 750 स्कूलों में रेटी टू इंट दिया जा रहा है। शेष स्कूलों में मध्याह्न भोजन का जिम्मा स्व-सहायता समूह को दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक स्कूलों से भोजन को चैक कराने के लिए कलेक्ट कर 24 घंटे के भीतर लैब में पहुंचाना होता है। इसकी पूरी जिम्मेदारी लैब की होती है। एक विशेष प्रकार की पालिथिन में खाने को पैक करवाकर इसे लैब में भेजा जाता है। बताया जा रहा है कि एक स्कूल के भोजन को चैक करवाने के लिए 10-12 हजार रुपए का खर्च आता है।

### बच्चों की पसंद के अनुसार नहीं मिल रहा भोजन

शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिला व स्थानीय स्तर पर मैन्यू का निर्धारण करते समय न्यूट्रिशनिस्ट की सलाह अवश्य ली जानी चाहिए। स्कूलों में मध्याह्न भोजन को रुचिकर बनाने हेतु साप्ताहिक मैन्यू का निर्धारण शाला प्रबंधन समिति अथवा शाला विकास समिति या जिला स्तर पर किया जाना चाहिए। स्कूल में बच्चों को उनके पसंद के अनुसार ही भोजन परोसा जाना चाहिए। ऐसा लेकिन जिले के एक भी स्कूल में नहीं हो रहा। अधिकारियों के मुताबिक स्कूलों में बच्चों को परोसे जाने वाले मध्याह्न भोजन में कैलोरी और प्रोटीन की मात्रा कितनी है, इसकी गुणवत्ता कैसी है? इसकी जांच लैब के माध्यम से की जानी है। सैंपल एकत्रित करने के लिए लैब की ओर से प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। यह दोनों सभी जिलों में जाकर स्कूलों से पके हुए भोजन के सैम्पल एकत्र करेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय ने इन प्रतिनिधियों को सैंपल एकत्रित करने में सहयोग प्रदान करने कहा गया है।

### चेक कराया जा रहा

बच्चों को सही मात्रा में प्रोटीन व कैलोरी मिल सके इसलिए स्कूलों से मध्याह्न भोजन का सैंपल कलेक्ट कर लैब में चेक करवाया जा रहा है।

- **विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी, बिलासपुर

तारबाहर के आत्मानंद स्कूल में दे रही थी ड्यूटी

# महिला बीएलओ का बीपी बढ़ा बेहोशी में अस्पताल दाखिल



जिला अस्पताल में भर्ती महिला बीएलओ, मौके पर उपस्थित परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तारबाहर स्थित आत्मानंद स्कूल में एसआईआर ड्यूटी कर रही महिला बीएलओ का अचानक बीपी बढ़ने एवं तबियत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। महिला बीएलओ को तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां आईसीयू में उनका इलाज किया जा रहा है।

तारबाहर क्षेत्र के आत्मानंद स्कूल में बीएलओ की ड्यूटी कर रहीं महिला कर्मचारी पी.गीता कृष्णन का रविवार को काम करते-करते अचानक बीपी हाई हो गया। तबियत बिगड़ता देख उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि जब उन्हें अस्पताल लाया गया तब उनका बीपी 170 के करीब था। यहां अस्पताल स्टाफ के द्वारा इलाज करने के बाद उनका बीपी 125-85 के करीब आया। महिला कर्मचारी का इलाज जिला अस्पताल के आईसीयू में किया जा रहा है।

### अस्पताल में नहीं था स्टाफ

बीएलओ के ड्यूटी के दौरान चक्कर खाकर गिरने पर आसपास के लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण जिला अस्पताल में भी डाक्टर और स्टाफ की मौजूदगी नहीं के बराबर थी। सुपरवाइजर को आपातकालीन कक्ष में ले जाया गया, इस दौरान बीपी हाई लेवल पर पहुंच गया था, डाक्टरों ने उनकी हालत देखते हुए तत्काल आईसीयू में शिफ्ट कराया, बाद में उनका बीपी सामान्य होने की जानकारी दी गई है।

### अस्पताल में इलाज जारी

आंगनबाड़ी सुपरवाईजर महिला कर्मचारी बतौर बीएलओ कार्य कर रहीं थीं। बीपी बढ़ने के कारण तबियत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जब मैं मिलने पहुंचा तब उनका बीपी सामान्य अवस्था में आ चुका था। अस्पताल में उनका इलाज जारी है।

- **मनीष साहू,** एसडीएम बिलासपुर

### विभाग से मिले दो-दो नोटिस

महिला बीएलओ मूलतः आंगनबाड़ी सुपरवाईजर हैं, जिन्हें उनके परियोजना अधिकारी द्वारा 26 नवंबर एवं 27 नवंबर को नोटिस जारी किया गया है। पहले नोटिस में उन्हें मानदेय बनाने में विलंब को लेकर एवं दूसरे नोटिस में आंगनबांड़ी केंद्रों में एचटूआर वितरण में न्यून प्रगति को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इतना ही नहीं बल्कि परियोजना अधिकारी द्वारा शत प्रतिशत एचटूआर वितरण नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई थी। एसआईआर कार्यों में पहले से ही दबाव झेल रही महिला कर्मचारी को विभाग की ओर से दो-दो नोटिस एवं कार्रवाई की बात पर संभवतः तबियत खराब होना बताया जा रहा है।

# सुबह से फील्ड का दौरा, दोपहर में डॉक्यूमेंटेशन और देर रात घर पर भी काम

### खास बातें

- काम का बोझ इतना ज्यादा है कि निजी जिंदगी भी प्रभावित हो रही
- लेकिन लोकतंत्र के लिए यह जमकर चल रही मेहनत बेहद जरूरी

ग्राउंड रिपोर्ट

जिले में एसआईआर प्रक्रिया इन दिनों पूरे जोर पर है। गांव से लेकर शहर तक बीएलओ सुबह-सुबह फॉर्म के बंडल लेकर निकल रहे हैं। समय सीमा कड़ी है और काम अनिवार्य है तो बीएलओ जिम्मेदारी के साथ ही परेशान भी हैं। जनता भी असमंजस में है लेकिन लोकतंत्र के लिए यह जमकर चल रही मेहनत बेहद जरूरी है। हालत यह है कि टारगेट पूरा करने के प्रेशर के कारण कई बीएलओ खुद ही मतदाताओं के फॉर्म भर रहे हैं। सुबह से फील्ड का दौरा, दोपहर में डॉक्यूमेंटेशन और देर रात घर पर भी काम करना, यह अब बीएलओ के जीवन की दिनचर्या बन गई है। एक इलाके से दूसरे इलाके या बूथ में शिफ्ट होने वाले मतदाताओं को ढूंढना सबसे मुश्किल काम है। शिफ्टेड मतदाताओं को लोकेट करने के लिए दिनभर मेहनत करनी पड़ती है। वहीं ऊपर से वरिष्ठ अधिकारियों का निरंतर फोन और काम का दबाव मानसिक थकान बढ़ा रहा है। कार्रवाई की चेतावनी और हिम्मत तोड़ रही है। काम का बोझ इतना ज्यादा है कि वे अपने परिवार और बच्चों को समय नहीं दे पा रहे हैं, जिससे उनकी निजी जिंदगी प्रभावित हो रही है।

### नेटवर्क की रफ्तार सबसे बड़ी रुकावट

भाग संख्या 11 के सहायक बीएलओ अवधेश विमल बताते हैं कि एक-एक घर जाकर फार्म भरवा रहे हैं, लेकिन मुश्किल सबमिट करने में आ रही है। नेटवर्क इतनी धीमी गति से चल रहा है कि कई बार मशक्कत करनी पड़ती है। लोग सवाल पूछते हैं काम कब पूरा होगा? और बीएलओ बस एक ही जवाब दे पाते हैं नेट चले तो करा दें। कई लोग ऐसे हैं जिनका नाम वार्ड की वोटर लिस्ट में है, वे नियमित वोटर हैं लेकिन नई प्रक्रिया में उनके फॉर्म या तो पहुंचे नहीं, या बीच में गायब हो गए।

### 2003 का रिकॉर्ड सबसे बड़ी टेंशन

भाग संख्या 37 की बीएलओ समता बंजारे बताती हैं कि फॉर्म भरना है, तो 2003 के पुराने रिकॉर्ड चाहिए। अधूरा फॉर्म जमा करने को कोई तैयार नहीं, बीएलओ पर दबाव है लेकिन क्या करें रिकॉर्ड कहां से निकालें? इस द्वंद्व में कर्मचारी भी उलझे हुए हैं। हालांकि चुनाव आयोग की साइट पर 2003 की पूरी लिस्ट है, जानकारी वहां से मिल जाती है। पिछले कई दिनों से वे और उनके साथी सुबह 9 बजे से अमले के साथ मैदान में, लेकिन काम पूरा नहीं हो रहा।

### मतदाताओं का नहीं मिल रहा सहयोग

अंबेडकर स्कूल में एसआईआर का फार्म भर रही महिला बीएलओ ने कहा कि मतदाता ही इस अभियान में पूरा सहयोग नहीं कर रहे। अगर मतदाता समय पर दस्तावेज उपलब्ध कराएं और फॉर्म भरकर लौटा दें, तो यह अभियान बहुत तेजी से पूरा हो सकता है लेकिन वर्तमान स्थिति में बीएलओ को बार-बार उन्हीं घरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। घर-घर जाकर फॉर्म वितरित करते हैं, तब मतदाता उन्हें लेने तो तैयार हैं, लेकिन फॉर्म भरने और जमा करने के लिए उनके पास समय नहीं होता। बहुत से फॉर्म फोटो के अभाव में पेंडिंग हो जाते हैं। एक फॉर्म के लिए बीएलओ को 8-10 बार एक ही घर जाना पड़ रहा है।

### कई लोग अपमानजनक व्यवहार करते हैं

एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सरकंडा क्षेत्र की बीएलओ का कहना है कि एक-एक घर पर 4 से 5 बार फॉर्म के लिए जाना पड़ रहा है, लेकिन उच्चाधिकारियों की ओर से प्रतिदिन का टारगेट फिक्स किया गया है, जिससे प्रेशर बहुत है। एक महिला बीएलओ ने बताया कि उन्हें कुछ अज्ञात नंबरों से फोन कर अश्लील बातें की जा रही हैं। जब उन्होंने नंबर को ब्लॉक कर दिया तो दूसरे नंबर से लगातार कॉल कर परेशान किया जा रहा है।

### भागीदारी जरूरी

एसआईआर के तहत जिले में काम तेजी से जारी है। कई बूथों पर काम पूरा भी हो गया है। वहां के बीएलओ को सम्मानित भी कर रहे हैं। लोकतंत्र की इस महत्वपूर्ण भूमिका में सभी की भागीदारी जरूरी है।

- **शिव बनर्जी**, एडिशनल कलेक्टर

# तीन माह तक अलग-अलग दिन रोकी जाएगी सारनाथ एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- यात्रियों को झेलनी होगी परेशानी बरौनी प्रतिदिन लेकिन प्रयागराज तक जाती नहीं, नौतनवा भी साप्ताहिक

सारनाथ एक्सप्रेस के पहिए को एक दिसम्बर यानि सोमवार से लेकर 2026 के फरवरी माह तक तीन माह के लिए अलग-अलग दिनों में रोक दिया जाएगा। इसके कारण यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। इस रूट पर चलने वाली एक बरौनी एक्सप्रेस है जो प्रयागराज तक जाती नहीं है। वहीं नौतनवा एक्सप्रेस साप्ताहिक चलती है, जिसमें कंफर्म बर्थ मिलना भी काफी मुश्किल है।

दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण ट्रेन है। इसमें सबसे अधिक यात्रियों की भीड़ प्रयागराज और बनारस जाने वालों की होती है, जिसकी वजह से साल के पूरे 365 दिन जनरल कोच के साथ स्लीपर और एसी कोच में भी यात्रियों को कंफर्म बर्थ नहीं मिल पाती है। छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और बिहार तक चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस वर्तमान में बिलासपुर के बजाय दुर्ग से रवाना होकर रायपुर, भाटापारा होते हुए उसलापुर से सीधे निकाली जा रही है। सबसे अधिक यात्रियों की भीड़ और रेलवे को राजस्व देने वाली दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को रेल प्रशासन ने उत्तर भारत में कोहरे के कारण अलग-अलग दिन में रद्द करने का आदेश दे दिया है। इसकी वजह रेल प्रशासन ने आगामी दिनों में कोहरे के कारण ट्रेन परिचालन में परेशानी को बताया है। रेलवे के अनुसार 15159 छपरा से दुर्ग के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को 1 दिसम्बर से 14 फरवरी तक अलग-अलग दिनों में रोकी जाएगी। इसमें 1, 3, 6, 8, 10, 13, 15, 17, 20, 24, 27, 29 एवं 31 दिसम्बर को, जनवरी माह में 3, 5, 7, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28, 31 को, फरवरी माह में 2, 4, 7, 9, 11, 14 तारीख को ट्रेन रद्द की जाएगी। इन तिथियों को छोड़कर सारनाथ अपने निर्धारित समय के अनुसार चलेगी।

इसके अलावा छपरा से दुर्ग की तरह 15160 दुर्ग से उसलापुर होकर छपरा जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को 2 दिसम्बर से 27 फरवरी तक रद्द किया गया है। इसमें 2, 4, 7, 9, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28 एवं 30 दिसम्बर को, जनवरी माह में 1, 4, 6, 8, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27 एवं 29 को, फरवरी माह में 1, 3, 5, 8, 10, 12, 15 तारीख को रद्द की जाएगी।

### बढ़ेगी लोगों की परेशानी

दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन है, जो चार स्टेट छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश के साथ बिहार तक यात्रियों को सफर कराती है। प्रदेश के दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, उसलापुर के अलावा कोरबा, रायगढ़, मुंगेली सहित अन्य जिलों से बड़ी संख्या में लोग बिहार और उत्तरप्रदेश की ओर सारनाथ एक्सप्रेस में सफर करते हैं। इसमें ज्यादातर संख्या अस्थि विसर्जन करने वाले लोगों की होती है, जो इलाहाबाद तक सफर करते हैं। यही ट्रेन पितृ पक्ष के समय इलाहाबाद के साथ बनारस और गया तक भी जाती है।

### साल भर रहती है वेटिंग

प्रदेश में सारनाथ एक ऐसी ट्रेन है, जिसमें सतना, मैहर के साथ इलाहाबाद, बनारस और गया की ओर यात्री सफर करते हैं। इस ट्रेन में दुर्ग के अलावा रायपुर, भाटापारा, उसलापुर सहित बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, कोरबा व अन्य ऐसे जिले जहां ट्रेन का स्टापेज नहीं है। उन जिले से भी यात्री सफर करने के लिए पहुंचते हैं, क्योंकि इलाहाबाद से पहले नैनी के लिए सारनाथ एकमात्र ट्रेन की सुविधा उन्हें मिल जाती है। इसी तरह छपरा से दुर्ग तक आने वाली सारनाथ की भी स्थिति है। इसकी वजह से ट्रेन में साल भर वेटिंग की स्थिति बनी रहती है।

### दुर्ग-नौतनवा केवल एक दिन

दुर्ग से छपरा जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस के अलावा एक ट्रेन 18205 दुर्ग से नौतनवा एक्सप्रेस के बीच चलने वाली भी है, जो प्रयागराज के साथ बनारस तक भी यात्रियों को लेकर आना-जाना करती है। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन यानि गुरुवार उसलापुर से रात 11 बजे रवाना होकर दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह 10.40 बजे प्रयागराज पहुंच जाती है। वहीं प्रतिदिन चलने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस उसलापुर स्टेशन से देर रात रवाना होकर प्रयागराज के बजाय प्रयागराज चेवकी जंक्शन से डायवर्ट होती है।

# सारे सोसायटी आपरेटर स्थानांतरित, खरीदी प्रभारी यथावत

140 उपार्जन केंद्रों में ब्रांच के भीतर स्थानांतरित किए गए ऑपरेटर, धान खरीदी में पारदर्शिता को लेकर आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए जिले के 140 उपार्जन केंद्रों में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर स्थानांतरित किए गए हैं। उक्त स्थांतरण संबंधित ब्रांच के भीतर की गई है, ताकि ऑपरेटरों को भी किसी तरह की दिक्कत न हो। समितियों में खरीदी प्रभारियों को नहीं बदला गया है। सारे खरीदी प्रभारी अपने यथावत अपने स्थान पर हैं।

जिले के सभी 140 उपार्जन केंद्रों में पदस्थ सहकारी समितियों के कंप्यूटर ऑपरेटरों का ट्रांसफर कर दिया गया है। अपनी समितियों से ट्रांसफर कर अन्यत्र भेजे गए ऑपरेटरों को खरीदी की प्रक्रिया में पारदर्शिता के उद्देश्य से बदला गया है। ट्रांसफर के दौरान ऑपरेटरों को दूरदराज इलाकों के उपार्जन केंद्रों में नहीं भेजा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित जिला सहकारी बैंक की शाखाओं के अंतर्गत हर शाखा के क्षेत्राधिकार में जितनी समितियां आती हैं उन समितियों में ही ऑपरेटरों की अदला-बदली की गई है, ताकि उपार्जन केंद्रों में पहले से पदस्थ ऑपरेटरों को हटाया भी जा सके और हटाए गए ऑपरेटर को ट्रांसफर से कोई दिक्कत भी न हो। जिले की सहकारी समितियों में पदस्थ समिति प्रबंधक एवं धान खरीदी प्रभारियों में से किसी को भी स्थानांतरित नहीं किया गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार विगत तीन वर्षों की धान खरीदी के दौरान जिन पर भी गड़बड़ी व अनियमितता के आरोप लगे हैं एवं दोष सिद्ध हुआ है। उन सभी को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। ऐसे में वर्तमान में पदस्थ सारे खरीदी प्रभारी स्वच्छ छवि के माने जा सकते हैं, जिससे इनकी अदला-बदली नहीं की गई है।

### बदले गए आपरेटर

धान खरीदी की प्रक्रिया में पारदर्शिता के मद्देनजर समितियों के ऑपरेटरों को एक समिति से दूसरी समिति में भेजा गया है। गड़बड़ी करने वाले खरीदी प्रभारी पहले से ही हटा दिए गए हैं, जिससे उन्हें यथावत रखा गया हैं।

- **चंद्रशेखर जायसवाल**, उपायुक्त सहकारिता

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।


डॉ. धर्मेन्द्र दास
प्रदेश सह-संयोजक
भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ
पवन हरिओम कश्यप
अध्यक्ष
पूर्वी मण्डल बेलतरा
भाई जय वाधवानी जी
पार्षद-वार्ड क्रमांक-50
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Happy Birthday
विनीत - सत्यशिव तिवारी एवं समस्त मित्रगण राजकिशोर नगर
संकलन : रामगोपाल साहू (हरिभूमि प्रतिनिधि लगरा, मो. 9617938788)

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 1 दिसंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



एग्जाम अपडेट

## अमीन की भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को व्यापमं ने जारी किया ड्रेस कोड

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 7 दिसंबर को बिलासपुर सहित प्रदेश के 16 जिलों में जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा आयोजित की गई है। पूरे प्रदेश में 2.30 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी इसमें शामिल होने के लिए आवेदन किया है। अकेले बिलासपुर में 38 हजार से ज्यादा उम्मीदवारों ने परीक्षा केन्द्र के रूप में बिलासपुर को चुना है। इसके लिए जिले में 126 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। व्यापम के निर्देश पर जिला प्रशासन ने इस परीक्षा के निष्पक्ष और पारदर्शी पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए परीक्षार्थियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। व्यापम द्वारा जारी निर्देश के अनुसार परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें ताकि उन्हे परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फिस्किंग एवं फोटो युक्त पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके । परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। चूकि यह परीक्षा 12 बजे प्रारंभ हो रहा है। अतः मुख्य द्वार प्रातः 11.30 बजे बंद कर दिया जावेगा।



### अभ्यर्थी इसका रखे ध्यान

हल्के रंग के आधी बाही वाले कपडे पहनकर परीक्षा देने आये। काले, गहरे, नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपडे पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यार्थीयों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहने। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है।

# एकाउंट के प्रश्नों ने किया परेशान, आधे अभ्यर्थी रहे नदारद

**यूपीएससी ने ली 6 केन्द्रों में परीक्षा**

**संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एपीएफसी और ईओ की परीक्षा रविवार को आयोजित की गई। यह परीक्षा शहर के 6 परीक्षा केन्द्रों में ली गई, जिसमें 2 हजार 316 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, इसमें 1 हजार 57 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1 हजार 259 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।**




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यूपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा की निर्धारित केंद्रों पर प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक चली। केन्द्रों में परीक्षा के प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले सुबह 9 बजे केन्द्रों में प्रवेश दे दिया गया था, इसके बाद पहुंचे अभ्यर्थियों को परीक्षा से वंचित होना पड़ा। परीक्षा में 54.36% परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

UPSC

परीक्षार्थियों ने बताया की प्रश्नपत्र में एकाउंट सबंधित प्रश्नों ने थोड़ा परेशान किया और गणित के प्रश्न भी कठिन होने से प्रश्न पत्र को हल करने में समय लगा। हालांकि प्रश्न पत्र मॉडरेट था, इस वजह से अच्छे से हल हो गया।

बता दें कि यूपीएससी की इस परीक्षा में प्रिलिम्स का पेपर अभ्यर्थियों ने दिया, इसमें चयनित अभ्यर्थियों का मेंस की परीक्षा में बैठने मिलेगा।

### 300 अंक की हुई परीक्षा

प्रवर्तन अधिकारियों और लेख अधिकारियों के लिए यूपीएससी ईपीएफओ परीक्षा दो चरणों में होती है, लिखित और साक्षात्कार। लिखित परीक्षा बहुविकल्पीय 200 अंकों की हुई, जबकि साक्षात्कार 100 अंकों का होता है, यानी कुल 300 अंको। इस परीक्षा में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम,वर्तमान घटनाएं,भारतीय राजनीति, अर्थव्यवस्था और विकासात्मक मुद्दे,सामान्य लेखांकन सिद्धांत,सामान्य विज्ञान एवं कंप्यूटर अनुप्रयोगों का ज्ञान,औद्योगिक संबंध और श्रम कानून,मात्रात्मक योग्यता और सामान्य मानसिक क्षमता,भारत में सामाजिक सुरक्षा विषय के प्रश्न पूछे गए।

### इपीएफओ में उठाए कदम पर पूछे गए सवाल

परीक्षार्थियों ने बताया की कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा हाल ही में उठाए गए कदमों से सबंधित प्रश्न पूछे गए। इसी प्रकार 2026 फीफा पुरूष फुटबाल विश्व कप से संबंधित कौन सा कथन सही है, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2024-27 की अवधि के लिए किस क्षेत्रीय समूह के द्वारा मुद्रा विनिमय व्यवस्था की गई, रोजगार संबद्ध प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना प्रश्न शामिल किए गए थे। पद्म भूषण से सम्मानित जतिन गोस्वामी किस नृत्य के प्रतिपादक हैं, किस अंतरराष्ट्रीय संगठन द्वारा वर्ष 2025 में दो भारतीय सैनिकों को मरणोपरांत हैमरशील्ड मेडल प्रदान किया गया। इसी प्रकार अंतरिक्ष अन्वेषण प्रौद्योगिकी, कॉर्प को आमतौर पर स्पेसएक्स के नाम से जाना जाता है, फाल्कन स्पेसएक्स द्वारा विकसित एक अंतरिक्ष यान है,जबकि ड्रैगन, नासा द्वारा विकसित एक अंतरिक्ष यान है।

### गहन जांच के बाद दिया प्रवेश

परीक्षा में अभ्यर्थियों को केन्द्रों में प्रवेश के पहले जांच की गई, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ एवं अन्य सूचना प्रौद्योगिकी संचार उपकरण सभी के लिए वर्जित था। जो यह लेकर आ गए थे,उन्हें बाहर ही रखवा दिया गया। अभ्यर्थियों ने बताया की थंब इम्प्रेशन होने के बाद परीक्षा हॉल में बैठाया गया।

आयोजन

## जीएसटी : फर्जी इनवॉइसिंग से जुड़े कानूनी पहलुओं पर चर्चा



**बिलासपुर।** आईसीएआई शाखा द्वारा "जीएसटी के तहत फर्जी इनवॉइसिंग से संबंधित विषयों" पर सेमिनार आयोजित किया गया। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की बिलासपुर शाखा ने रविवार को जीएसटी सबंधित फेक चलान के विषय पर यह आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम आईसीएआई भवन में हुआ, जिसमें शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सीए सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता सी.ए.जयेन्द्र तिवारी ने जीएसटी के अंतर्गत फर्जी इनवॉइसिंग से जुड़े कानूनी पहलू, हाल के संशोधन, विभागीय कार्रवाई, जोखिम प्रबंधन तथा रोकथाम के उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रतिभागियों ने विषय पर उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त किया और अपने व्यावहारिक अनुभव भी साझा किए। शाखा के पदाधिकारियों ने बताया कि यह सेमिनार सदस्यों को बदलते कर ढांचे की चुनौतियों से निपटने और अनुपालन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। शाखा भविष्य में भी इसी प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। सेमिनार के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ, जिसमें सदस्यों के विभिन्न प्रश्नों का समाधान किया गया। सेमिनार में शाखा अध्यक्ष सी.ए. मनीष सखूजा, सचिव सीए उदय चौरसिया सहित बिलासपुर व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

धर्म-क्षेत्र

## युवाओं को देना होगा वेदानुकूल सत्य शास्त्रों का ज्ञान : शास्त्री



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में रविवार को साप्ताहिक हवन, सत्संग में यज्ञ करने के बाद आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने ईश्वर द्वारा सृष्टि की रचना का उपदेशात्मक भजन प्रस्तुत किया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि आज का युवा नास्तिकता की ओर बढ़ रहा है। इसका कारण धर्म को विज्ञान से अलग करना है। धर्म और विज्ञान दोनों एक ही बराबर है जो बात विज्ञान की कसौटी पर खरी उतरे वह धर्म है और जो धरमपूर्वक बात सिद्ध हो वह विज्ञान सही है। हमारे प्राचीन इतिहास में बहुत सारी मिलावट की गई है और उनको हमें पढ़ाया, सुनाया जाता है। यदि युवाओं को नास्तिकता से रोकना है तो उनको वेदानुकूल सत्य शास्त्रों का ज्ञान देना होगा। सत्य बातों को बताना होगा जिससे कि वह धर्म को स्वीकार कर सके और वह भी धर्म विज्ञान सम्मत हो और विज्ञान सम्मत एक ही धर्म वैदिक धर्म है। युवाओं को यदि वेद की बातें बताई जाए तो युवा नास्तिक नहीं बनेंगे उन बातों को वह स्वीकार करेंगे क्योंकि वेद की बातें विज्ञान सम्मत है। वेद में कोई ऐसी बात नहीं है कोई ऐसा इतिहास नहीं है जो बुद्धि और विज्ञान से विरुद्ध हो। विज्ञान की कसौटी में खरा न उतरता हो। उन्होंने कहा कि हमारा देश धार्मिक व सारी दुनिया को धर्म की शिक्षा देने वाला देश रहा है और इसी देश में यदि युवा नास्तिकता की ओर बढ़ रहे हैं तो यह विचारणीय व चिंता का विषय है।

## आराधना के साथ क्रिसमस का शुभारंभ

डिसाइपल्स ऑफ ख्राइस्ट चर्च सिविल लाइन में रविवार को रविवारीय आराधना से क्रिसमस पर्व का शुभारंभ हुआ। रविवारीय आराधना का संचालन अनीता पीटर्स व उत्तरवादी पाठ सीमा फिलिप्स ने किया। प्रार्थना नीलेश्वर सुख ने कराई। प्रभु-भोज की आराधना अनुदीपक जेम्स ने की। भेंटों की प्रार्थना एस. छत्तर ने की।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पास्टर अनुराग नथानियल ने बताया कि अराधनालय में प्रातः सवा 10 बजे आराधना की गई। बाइबिल का पठन एकता मसीह ने किया। संदेश रेव्ह स्वप्निल नवगिरे ने दिया। 7 दिसंबर रविवार को प्रातः पौने 11 से पौने 12 बजे तक सण्डे स्कूल वाईवा परीक्षा होगी। 14 दिसंबर रविवार को प्रातः सवा 10 बजे धन्यवादी पर्व की आराधना होगी। इसके अलावा क्रिसमस कार्निवाल, क्रिसमस ट्री, बच्चों व जवानों का जलसा, महिला सभा की विशेष आराधना, बच्चों, जवानों व महिला सभा द्वारा संगीतमय ज्योर्तिमय व ख्रीष्ट जन्मोत्सव की आराधना के साथ पर्व की खुशियां बांटी जाएगी।

### चर्च ऑफ़ ख्राइस्ट सीएमडी चौक में बाईबिल का पठन

चर्च ऑफ़ ख्राइस्ट सीएमडी चौक में भी रविवार को रविवारीय आराधना की गई।रविवारीय आराधना का संचालन प्रवीण जैसल ने किया। उपदेश सीनियर पास्टर सुदेश पॉल ने दिया। बाईबल का पठन मुकेश पॉल ने किया। प्रभु भोज एवं भेंट की सेवकाई नार्मन हेनरी व राकेश पॉल ने की। प्रार्थना की अगुवाई प्रीति वालेस, प्रीति कुमार, आश्रिता डेविड, रेनुका अब्राहम ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाई विल्सन जॉन, मुकेश पॉल, शामुएल, प्रवीण, अरविंद कुमार, सनी, राकेश,



जेम्स, अनूप, विवेक, बोल्डी, शशांक, आयुष, स्वप्निल, नीतेश, नार्मन, मंजू, अरूणा, माग्रेट, सरिता, शीबा, अरूणा, रूत बारा, मधुबाला, मीनू, एंजलिना, ज्योति, प्रीति, सुनीता, सरिता, श्वेता, रीना, एंजलिना, फ्रेनी का सहयोग रहा।

## छत्तीसगढ़ी भाषा सभ्यता व संस्कृति की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं के लिए छत्तीसगढ़ी साहित्यकारों के विषय पर केंद्रित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ शशिकला सिन्हा ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ी भाषा को हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान बताई, डॉ इसाबेला लकड़ा ने विषय प्रवर्तन कर छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के औचित्य पर प्रकाश डाला। प्रमुख वक्ता डॉ अर्चना शुक्ला प्राध्यापक समाजशास्त्र ने छत्तीसगढ़ी भाषा के संवर्धन संरक्षण छात्राओं को प्रेरित किया। छत्तीसगढ़ी भाषा के वैशिष्टय पर सूक्ष्म प्रकाश डालते हुए छात्राओं को छत्तीसगढ़ी भाषा की प्रतियोगी परीक्षाओं में महत्व को बताया डॉ शोभा महिस्वर ने छत्तीसगढ़ी गीत नान -नान लइका, हम बड़े काम करिबो के माध्यम से छात्राओं को राष्ट्रहित से प्रेरित किया। लोकगीत प्रतियोगिता में प्रथम सिया वैष्णव, द्वितीय मनीषा धुरी एवं तृतीय स्थान पर अंकिता यादव रहीं।




### काव्य पाठ में इन्होंने बनाई जगह

काव्य पाठ में उर्मिला खरे प्रथम, द्वितीय छाया साहू एवं तृतीय छाया चौहान और अरुणा सूर्यवंशी रही। साहित्यकारों का अवदान विषय में प्रथम कल्याणी सूर्यवंशी, द्वितीय मुस्कान यादव एवं तृतीय स्थान पर रागनी टेंगवार रही। कार्यक्रम का संचालन खगेश्वरी साहू ने किया आभार ज्ञापन डॉक्टर इसाबेला लकड़ा ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ आरती सिंह ठाकुरए डॉ दीपक शुक्ला डॉ अनुपा तिर्की डॉ ललिता साहू, डॉ वंदना राठौर, डॉ रश्मि जैन, डॉ आर के. पटेल, डॉ एस.के. पटेल, डॉ दीपिका महोबिया सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

## बच्चों ने पार्क में झूले का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आनंद निकेतन श्रवण बाधित विद्यालय वेयर हाऊस रोड के बच्चों को स्टॉफ सहित अध्यक्ष स्वाती अग्रवाल, बिलासपुर लेडिज सर्कल-144 की ओर से ए.एस. एम्यूसमेंट पार्क, सिरगिट्टी का भ्रमण कराया गया।

इस पार्क के मनोरम दृश्य व हरियाली के बीच सभी बच्चों ने विभिन्न तरह के झूले का भरपूर आनंद लिया। यहां बच्चों का भरपूर मनोरंजन हुआ। क्लब द्वारा सभी बच्चों व स्टॉफ हेतु स्नेक्स, कोल ड्रिंक आदि का व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर बिलासपुर लेडिज सर्कल-144 द्वारा विद्यालय की कु. कामिनी पटेल, कु., पायल यादव व गौतम पटेल को हियरिंग एड भी प्रदान किया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम में प्राचार्या कु. शोभना शुक्ला सहित 9 स्टॉफ व 34 बच्चे शामिल हुए।



स्पोर्ट्स न्यूज

## कबड्डी में सिल्वर मैडल जीतकर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

35 वी ओपन सब जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की बालक टीम ने सिल्वर मैडल जीतकर इतिहास रचा है, फाइनल मुकाबले में हरियाणा से हारकर सिल्वर मैडल से संतुष्ट होना पड़ा। सेमीफाइनल रोमांचक मैच में राजस्थान को 40-39 के मुकाबले 1 अंको से हराकर फाइनल मे पंहुचा था। एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया की 35 वी ओपन सब जूनियर बालक व बालिका कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन हरियाणा मे आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालक टीम ने अपने पुल के लीग मैच मे विदर्भ को 51-14 के मुकाबले 37 अंको से हराकर जीत के साथ शुरुवात किया दूसरे मैच मे पंडिचेरी टीम को 41-01 के मुकाबले 40 अंको से हराकर प्री क्वाटर फाइनल में पंहुचा। जहाँ तमिलनाडु को 69-34 के मुकाबले 35 अंको से हराकर क्वाटर फाइनल मे पंहुचा था। जहाँ मुकाबला नाक आउट मे स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया टीम को रोमांचक मुकाबले में 43-39 के मुकाबले 4 अंको से हराकर सेमीफाइनल मे पंहुचा था, जहाँ मुकाबला राजस्थान से हुवा जिसमें छत्तीसगढ़ ने 40-39 के मुकाबले 1 अंको से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में हरियाणा से 34-29 के मुकाबले 5 अंको से हार का सामना करना पड़ा और सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रचा है। उसी प्रकार छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने अपने पहले मैच में केरला को 55-50 के मुकाबले 5 अंको से हराकर जीत के साथ आगाज़ किया, दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ ने मणिपुर को 48-12 अंको के मुकाबले 36 अंको से हराया।



## 50 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग

एथलेटिक्स मीट जिला एथलेटिक्स संघ अस्मिता विमेंस लीग का आयोजन खेल परिसर मे किया गया। जिसमें जिले के 69 बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर 14 के 48 बालिका एवं अंडर 16 के 21 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### अस्मिता विमेंस लीग

यह प्रतियोगिता पूरे भारत के 300 जिलो मे आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुंगेली जिले का भी चयन एएफआई ने किया जिसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में एथलेटिक्स के प्रति रुचि बढ़ाना, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सामने लाना तथा उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का अवसर प्रदान करना है। अंडर-14 वर्ग ट्रायथलॉन A 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद,ट्रायथलॉन B 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, शॉटपुट, ट्रायथलॉन C 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, 600 मीटर दौड़, अंडर-16 वर्ग जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट,60 मीटर, 600 मीटर, ऊँची कूद, लंबी कूद इस प्रतियोगिता में जिले भर की प्रतिभाशाली बालिकाएँ भाग ली।



### इन खिलाड़ियों ने बनाई जगह

इस प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ियों में अंडर 14 ट्राइथ्लोन ए सानिया पहला, प्रांजल दूसरा, और उमा साहू तीसरा स्थान पर रही, ट्राइथ्लोन बी दिव्या साहू पहला,योगेश्वरी साहू दूसरा और नेहा साहू तीसरा स्थान पर रही। ट्राइथ्लोन सी श्यामा पहला, किरण निषाद दूसरा और सोनम तीसरा स्थान पर रही। अंडर 16 बालिका 60 मीटर तायबा खान पहला , साधना यादव दूसरा, और गुनगुन साहू तीसरा स्थान पर रही। 600 मीटर महेश्वरी साहू पहला, प्रियंका साहू दूसरा, और कृशिका निषाद तीसरा स्थान पर रही, लॉन्ग जंप शीतल मनहार पहला, प्रियंका वर्मा दूसरा और शिफा नाज़ तीसरा स्थान पर रही। ऊंची कूद में डॉली जलबावरे पहला, संध्या वर्मा दूसरा और प्रिय बंजारे पर रही शॉटपुट मे गुंजन रात्रे पहला, सोनल कर्मकार दूसरा और किरण कुर्रे तीसरा स्थान पर रही। तवा फेक में पीहू साहू पहला, डिम्पल यादव दूसरा और सुष्मिता निषाद तीसरा स्थान पर रहा ज्वेलीन मे योगेश्वरी पहला संजना दूसरा और पलक तीसरा स्थान पर रही।

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**लगरा।** केसरवानी भवन इमलीपारा बिलासपुर में 30 नवंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का शुभारंभ हुआ। कथा व्यास पीठ पर आचार्य बिरकोना वाले पंडित राम भिक्षुक उपाध्याय कथा का वाचन करेंगे। यह आयोजन राजेंद्र कुमार, राकेश कुमार केसरवानी के द्वारा अपने माता-पिता स्व रामेश्वर प्रसाद केसरवानी, शांति देवी के केशवानी की स्मृति में उनके वार्षिक श्राद्ध अवसर पर किया गया है। इस अवसर पर महेश प्रसाद केसरवानी, मधु-चंद्रकांत, मंजू-दिनेश, मीना-अरुण, नेहा-वीरेंद्र, निशा-देवेंद्र, निधि-पंकज, राहुल, शशि-बसंत, चंद्रहास, चंद्र प्रकाश, वीरेंद्र, हेमेंद्र-प्रियंका भूपेंद्र-भुनेश्वरी, रवि-प्रियंका सहित अन्य मौजूद रहे।

### लखराम में चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा



**लखराम।** लखराम में कुंभकार परिवार की ओर से राम मंदिर चौक में 26 से 4 दिसंबर तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन वार्षिक श्राद्ध में किया जा रहा है, जिसमें कथा वाचक पं सुरेन्द्र दुबे की मुखारबिंद से कथा का श्रवण कराया जा रहा है। 26 नवंबर को कथा का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ हुआ। दूसरे दिन नारद जी का चरित्र, सुखदेव जी का आगमन एवं तीसरे दिन भगवान के 24 अवतारों का संक्षिप्त वर्णन, विदुर चरित्र चतुर्थ दिन प्रहलाद चरित्र कि कथा का वर्णन किया गया। इसी क्रम में रविवार को गजेंद्र मोक्ष में भगवान विष्णु द्वारा मगरमच्छ के चंगुल से हाथी को बचाना, समुद्र मंथन में अमृत सहित चौदह रत्नों का निकलना, देवी गंगा का धरती पर आने की कथा कही गई है। उक्त आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में रामकुमार-रेवती कुंभकार, शत्रुहन लाल-सुनीता कुंभकार, राधा बाई कुंभकार हैं।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**लगरा।** भारतीय जनता पार्टी बेलतरा के पूर्व मंडल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 128वां एपिसोड बूथ क्रमांक 216 में सुना। इस अवसर पर एमआईसी मेंबर डॉक्टर तिलक राम साहू ने कहा कि, मन की बात की माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर की समसामायिक विषय की जानकारी मिलती है। साथ ही सामाजिक, राजनीतिक,खेल, संस्कृति, परंपरा, सभ्यता, कला समाज सेवा आदि के क्षेत्र में किए गए कार्यों की उपलब्धि सराहना की जाती है, जिससे उनका उत्साह वर्धन होता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन हरिओम कश्यप, हर प्रसाद धुरी, श्रवण सूर्यवंशी, घनश्याम साहू,रवि साहू, गणेश साहू, रवि सूर्यवंशी, ननकू केवट, मनोहर चंद्रा,मुकेश ध्रुव, नारद ध्रुव, राजू साहू, शिव साहू सहित बड़ी में नागरिक मौजूद रहे।

### खुली नाली में गिर कर घायल हो रहे लोग



**बोदरी।** नगर पालिका परिषद बोदरी में कई जगहों पर सफाई के नाम पर नाली को खुला छोड़ दिया गया है, जिससे आए दिन लोग नाली में गिरकर घायल हो रहे हैं। पिछले एक हफ्ते के अंदर छोटे-छोटे दो मासूम बच्चे अपने परिजन के साथ सायकल सहित नाली में पर गिर गए। इसके बाद एक विकलांग व्यक्ति भी इस नाले के चपेट में आ गया और तिपहिया वाहन समेत नाली में गिर गया। इसकी मौखिक शिकायत नगर पालिका सीएमओ भारती साहू को करने के पर नाली में ढक्कन लगाने की बात कही गई, लेकिन अभी तक टेंडर जारी नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद होने के बाद भी इस तरह की लापरवाही करने वालों के ऊपर संबंधित अधिकारी विशेष जांच टीम तैयार कर दोषियों के ऊपर कड़ी सी कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी बना रहे हैं। फिलहाल अभी नाली के ऊपर प्लाई डालने की बात कह कर खानापूर्ति कर ली गई है।

### गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से मिलेगी निजात

# जनसहयोग से एक दिन में तैयार हुआ स्टॉप डैम



स्टाप डैम का निर्माण करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

अचानकमार अभ्यारण्य के सुदूर वनांचल स्थित वनग्राम बिसौनी में गर्मी के मौसम में पानी की समस्या हर वर्ष विकराल रूप ले लेती है। इस चुनौती से राहत दिलाने के लिए 'प्रयास- स्माल स्टेप' की टीम ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव के अनुसार गांव के समीप स्थित बरसाती नाले पर सामूहिक श्रमदान से स्टॉप डैम निर्माण की बात कही गई। टीम के सुझाव पर ग्रामीणों ने बिना किसी हिचक के पूर्ण सहमति जताई। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ महामाई पंचायत के सरपंच अमर धुर्वे ने भी इस पुनीत कार्य में पूरे उत्साह से सहयोग करने का संकल्प लिया।

#### ग्रामीणों की मेहनत से स्टॉप डैम तैयार

रविवार सुबह ग्राम बिसौनी का माहौल देखने लायक था। गांव की महिलाएं, पुरुष, बच्चे सभी फावड़ा, गैंती और धमेली लेकर नाले की ओर पहुंचे, और सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक श्रमदान और सामूहिक सहयोग की अनोखी तस्वीर देखने को मिली। कुछ ही घंटों की मेहनत से अस्थायी स्टॉप डैम तैयार हो गया। सबसे खास बात यह थी कि यह बिना किसी लागत, सिर्फ जनसहयोग से संभव हुआ। काम पूरा होने के बाद प्रयास फाउंडेशन की टीम ने सभी श्रमिक ग्रामीणों को गरमा-गरम नमकीन और मिठाई का स्वल्पाहार प्रदान कर सम्मानित किया।

#### जगी जिम्मेदारी की नई चेतना

फाउंडेशन के इन प्रयासों ने न केवल पानी की समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया, बल्कि ग्रामीणों में प्रकृति संरक्षण और जिम्मेदारी की नई चेतना भी जगाई। कार्यक्रम के दौरान टीम ने पानी की बचत, वर्षा जल-संचयन, स्वच्छ जल उपयोग, तथा पेड़-पौधों के संरक्षण पर जागरूकता बढ़ाते हुए ग्रामीणों को सरल और व्यवहारिक सुझाव दिए। इसके साथ ही नाले की सफाई, पौधारोपण, वाटर हार्वेस्टिंग, और कचरा प्रबंधन जैसी गतिविधियों ने गांव में पर्यावरण सुधार का सकारात्मक माहौल तैयार किया। इस दौरान ग्रामीणों ने भावुक होकर कहा कि, जल और प्रकृति बचाने की यह आवाज न केवल हमें जागरूक करती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए उम्मीद की नई रोशनी जगाती है। ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं की सहभागिता ने यह साबित कर दिया कि जब समाज और संस्था मिलकर आगे बढ़ते हैं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

## ऊषा देवी कॉलेज के रासेयो शिविर में शामिल हुए नायब तहसीलदार



**सकरी।** अटल बिहारी वाजपाई विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध ऊषा देवी मेमोरियल कॉलेज सकरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम परसदा में किया जा रहा है। शिविर के चौथे दिन बौद्धिक परिचर्चा में सकरी नायब तहसीलदार सहोरिक यादव मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि नरोत्तम पूरले जिला संगठक रासेयो मुंगेली, शत्रुघ्न घृतलहरे, कार्यक्रम अधिकारी शुक्ल महाविद्यालय सीपत, पूरन सिंह ठाकुर कार्यक्रम अधिकारी तक्षशिला स्कूल जोधरा शामिल हुए। मुंगेली के जिला संगठक नरोत्तम पूरले ने मार्गदर्शन किया। मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार श्री यादव ने व्यक्तित्व विकास और कैरियर निर्माण में रासेयो की भूमिका पर परिचर्चा करते हुए छात्रों को बताया कि, व्यक्तित्व के तीन आयाम नजरिया, ज्ञान और स्किल यदि आपके पास है तो आपको अपने लक्ष्य प्राप्ति से कोई नहीं रोक सकता। स्वयंसेवक अपनी लगन मेहनत और ईमानदारी से हर उस मुकाम को प्राप्त कर सकता है। शिविर में देर रात तक स्वयं सेवकों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, संगीत, नुक्कड़ नाटक आदि छत्तीसगढ़ी लोक रंग की छटा बिखेर रहे हैं एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठा रहे हैं। शिविर में चौथे दिन महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित होकर स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया। चौथे दिन के शिविर नायक निखिल मोहले तथा शिविर नायिका वर्षा साहू रहीं। कार्यक्रम का संयोजन शिविर प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना ताम्रकार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में शिविर का संचालन किया जा रहा है।

## महंगी रजिस्ट्री और नई गाइडलाइन के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



**पेंड्रा।** पेंड्रा में जमीन रजिस्ट्री और गाइडलाइन दरों में भारी बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। दुर्गा चौक पर जुटे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।

सुरक्षा को देखते हुए पुलिस बल तैनात रहा। यह विरोध प्रदर्शन नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजमती भानु के नेतृत्व में हुआ। जिले में जमीन रजिस्ट्री महंगी होने और नई गाइडलाइन दरों में बड़े पैमाने पर हुई बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस ने हल्लाबोल किया। पेंड्रा के दुर्गा चौक में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जुटे और सरकार के फैसले को जनविरोधी बताया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि, नई गाइडलाइन से जमीन की कीमतों में 4 गुना से 10 गुना तक की बढ़ोतरी हो गई है। रजिस्ट्री पर दी जा रही छूट खत्म होने से जमीन खरीदने की लागत काफी ज्यादा बढ़ गई, जिससे किसान, मध्यम वर्ग और जमीन खरीदने वाले आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। प्रदर्शन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मरवाही विधायक डॉ केके ध्रुव ने सरकार के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि, सुशासन के नाम पर सरकार कुशासन दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरा कदम आम जनता की पहुंच से जमीन को दूर करने और काले धन को सफेद करने की साजिश है। विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने भी मामले में सरकार के फैसले को जन विरोधी बताया। प्रदर्शन के दौरान शंकर कंवर, अर्चना पोर्ते, ओमप्रकाश बंका, नारायण शर्मा, हरीश राय सहित कई कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व विधायक मरवाही डॉ केके ध्रुव ने कहा कि, माडिया से बात करते हुए नई गाइडलाइन जनता पर सीधा प्रहार है। जमीन की दरों में चार से दस गुना बढ़ोतरी पूरी तरह जनविरोधी है। कांग्रेस इस मुद्दे पर लगातार आंदोलन करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजमती भानु ने कहा कि, सरकार के इस फैसले से किसान और मध्यम वर्ग दोनों परेशान हैं। इसको लेकर जिले में बड़े पैमाने पर विरोध जारी रहेगा।

## शिशु मंदिर बरेला में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम

**जरहागांव।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की ओर से सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर बरेला में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रभा पटेल पूर्व जनपद सदस्य, उर्वशी जायसवाल, सुनीता दीवान सभापति नपं बरेला, कोमल निर्मलकर, मोनिका पटेल, फुलेश्वरी देवांगन, मनीषा गुप्ता, संगीता साहू, पिंकी शर्मा, सहित उपस्थित सभी अतिथियों का शाल, श्रीफल, बैज एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहनों के ने सांस्कृतिक मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिससे सभी अतिथि एवं उपस्थित अभिभावक आनंदित हुए। मुख्य वक्ता फुलेश्वरी देवांगन ने 'कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि' विषय पर कहा कि, आज के समय में कुटुंब में बढ़ती दूरी तनाव मूल्य हीनता और संवेदनहीनता समाज में अनेक चुनौतियां उत्पन्न कर रही है। परिवार भाव समाप्ति की ओर बढ़ रहा है एवं सीमित परिवार होने से रिश्ते नाते खत्म होते जा रहे हैं। हमें इसे बनाए रखने हेतु भोजन, भवन, भ्रमण, भजन आदि पर ध्यान देने की आवश्यकता




है। कार्यक्रम में नरेश पटेल अध्यक्ष नपं बरेला, नरेश महिष सीएमओ, संजय निर्मलकर सभापति, नोहर सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष, राकेश सिंह बैस संयोजक, मुकेश पटेल, किशन पांडे, नितेश पटेल पार्षद, डॉक्टर हरीश पटेल, जिला समन्वयक पेशी राम साहू, प्राचार्य विनोद पटेल, संतोष पटेल, कृपाल सिंह ध्रुव, स्मृति पटेल, सोनिया कश्यप, अखिलेश कश्यप, रेशमा सिंह, अंजनी निर्मलकर, आरती दिवाकर, ललिता धुरी सहित बड़ी संख्या में पालक अभिभावक, एवं पूर्व छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम पर संचालन संस्था के आचार्य मुमताज खान, भारती देवांगन ने किया वहीं आभार प्रदर्शन मुस्कान परवीन ने किया।

## शिशु मंदिर पेंड्रा में एकल विद्यालयों के शिक्षकों की बैठक

**पेंड्रा।** सरस्वती शिशु मंदिर पेंड्रा में अखिल भारतीय मंत्री ब्रम्हा जी राव का एक दिवसीय प्रवास आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के एकल विद्यालयों के आचार्य एवं आचार्याओं की विशेष बैठक ली गई, जिसमें विद्यालयों की गुणवत्ता, संस्कृति संरक्षण तथा भैया-बहनों के सर्वांगीण विकास जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

ब्रम्हा राव ने शिक्षा के साथ संस्कारों के समन्वय पर बल देते हुए कहा कि, एकल विद्यालय देश के दूरस्थ अंचलों में ज्ञान का प्रकाश फैलाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सप्त शक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अखिल भारतीय मंत्री चन्द्रकिशोर श्रीवास्तव, प्रादेशिक सचिव वनांचल सेवा समिति गौरीशंकर कटकवार, प्रांत प्रमुख श्री नरेश जायसवाल, एकल विद्यालय प्रांत प्रमुख गेन्दराम राजपूत, विभाग संयोजक तथा स्थानीय विद्यालय पेंड्रा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। स्थानीय विद्यालय की ओर से



अध्यक्ष नीरज कुमार जैन, उपाध्यक्ष रामजी श्रीवास, व्यवस्थापक विकास कुमार जायसवाल, समिति सदस्य रमाकांत जायसवाल, लालजी तिवारी, नरेन्द्र कुमार जैन, सरोज सिंह पवार, तिलक नामदेव तथा अन्य शामिल हुए। साथ ही कार्यक्रम में एकल विद्यालयों के सभी आचार्य-आचार्या, विद्यालय के प्राचार्य हेमन्त कुमार त्रिवेदी और शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं। पूरे कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायी रहा, जिसमें शिक्षा के साथ सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प दोहराया गया।

### अधिवक्ता संघ का चुनाव 6 को

**तखतपुर।** अधिवक्ता संघ तखतपुर कार्यकारिणी का चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया है, जिसके अनुसार 6 दिसम्बर को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक मतदान एवं परिणाम की घोषणा की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया अधिवक्ता कक्ष क्रमांक 1 में होगी।

## निधन

### जेसी बनर्जी



**बिलासपुर।** सरकारी कर्मचारी सरकारी गृह निर्माण समिति विवेकानंद नगर मोपका के पूर्व अध्यक्ष जेसी बनर्जी का 29 नवंबर को निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 30 नवंबर को तोरवा श्मशान घाट में किया गया।

### विश्वनाथ बिश्वास



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर निवासी विश्वनाथ बिश्वास का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तोरवा रेलवे श्मशान घाट में 29 दिसंबर को किया गया। वे रमा बिश्वास के पति एवं सुश्री अनीता बिश्वास के पिता थे।

### भुवनेश्वर कौशिक



**तखतपुर।** ग्राम चनाडोंगरी निवासी शिक्षक भुवनेश्वर प्रसाद कौशिक का 64 वर्ष की आयु में 29 नवम्बर को निधन हो गया। वे महेश्वर कौशिक, भागबली कौशिक के बड़े भाई तथा दीपक, सुशील, अश्वनी और सुशीला कौशिक के पिता थे।

### तिलकराम कोरी



**बेलतरा।** ग्राम पांड़ (सकरी) निवासी तिलकराम कोरी का 72 वर्ष की उम्र में रविवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम पांड़ (सकरी) में संपन्न हुआ। वे कामनी कोरी के पिता व पवन कोरी के चाचा थे।

### अनिल ज्ञानिक



**जरहागांव।** छतौना पेंड्रीडीह निवासी अनिल ज्ञानिक का 62 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 1 जनवरी सुबह 10:30 बजे प्रभु की वाटिका में संपन्न होगा। वे सौरभ ज्ञानिक, प्रिया ज्ञानिक, प्रियांशु ज्ञानिक के पिता थे।

## एसआईआर में वार्ड 1 ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में चल रहे एसआईआर कार्य में नपा वार्ड क्रमांक 1 रामगोपाल तिवारी वार्ड भाग क्रमांक 85/114 ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वार्ड ने मतदाता गहन पुनरीक्षण शुद्धि लिस्ट में शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा कर प्रथम स्थान हासिल किया है।

नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा तथा वार्ड अध्यक्ष राहुल पाठक ने बताया कि, यह उपलब्धि सभी बीएलओ, वार्ड प्रभारी तथा कर्मचारियों के साथ नागरिकों के सहयोग से बेहतर तालमेल और मेहनत के कारण संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि, टीमवर्क और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का परिणाम है कि पूरा वार्ड जिले के लिए एक मॉडल वार्ड बनकर सामने आया है। उपाध्यक्ष मिश्रा ने बताया कि, वार्डवासियों ने भी सर्वे में सक्रिय सहयोग दिया, जिसके कारण एसआईआर कार्य समय पर और पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया गया। उन्होंने सभी कर्मचारियों और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। वार्ड अध्यक्ष राहुल पाठक ने कहा कि आगे भी वार्ड में विकास कार्य और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने आशा जताई कि अन्य वार्ड भी इसी तरह लक्ष्य प्राप्त कर जिले को आगे बढ़ाने में योगदान देंगे। जिले में



एसआईआर के शत प्रतिशत लक्ष्य ने प्रशासन को भी राहत दी है और इसे बेहतर कार्यशैली का उदाहरण माना जा रहा है। इसके साथ ही भाग क्रमांक 106 तिलक वार्ड एवं कबीर वार्ड के मतदाता गहन पुनरीक्षण शुद्धि लिस्ट शत प्रतिशत रहा।

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास, 3 हजार अर्थदंड

**मुंगेली।** न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी ने धारा 363, 366 भारतीय दंड संहिता एवं पॉक्सो की धारा 6 में आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3 हजार रूपये के अर्थ दंड से दंडित किया गया।

न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी राकेश कुमार सोम द्वारा 28 नवम्बर को प्रकरण के अभियुक्त उमेश राजपूत पिता रघुनंदन राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी सकरी थाना पथरिया को उपरोक्त धाराओं में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं राशि 3 हजार के अर्थ दंड से दंडित किया गया है। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा




तैयार गाइडलाइन के अनुसार एवं छत्तीसगढ़ राज्य बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत पीड़िता को शारीरिक मानसिक हानि और पुनर्वास हेतु 5 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की अनुशंसा भी की गई है। अभियोजन की ओर से अपने पक्ष के समर्थन में 15 गवाहों को न्यायालय के समक्ष परिक्षित कराया गया। प्रकरण की पैरवी मोती लाल साहू विशेष लोक अभियोजक ने की।

## पोर्ते कॉलेज का विशेष रासेयो शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही

डॉ भंवर सिंह पोर्ते आदिवासी महाविद्यालय की रासेयो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 20 नवंबर से 26 नवंबर तक ग्राम नाका में किया गया। मुख्य अतिथि नाका सरपंच मालती बाई मुकेश कुमार सरयाम की अध्यक्षता में कार्यक्रम का समापन किया गया।

समापन सत्र में रासेयो स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार साहू ने विशेष शिविर में किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी द। इस दौरान 'नशा मुक्ति समाज के लिये युवा' स्वच्छता, स्वास्थ्य व कई विषयों पर बौद्धिक परिचर्चा हई, जिसमें विरांगना महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी उत्तम चंद्राकर व सेजेस




मरवाही से विनोद कुमार पोर्ते समलित हुए। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं के जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि, ग्राम वासियों को इसका लाभ अवश्य मिलेगा। इस अवसर पर भीम सिंह आर्मो उप सरपंच, पंच राजकुमारी श्याम सचिव, फूलचंद वाकरे रोजगार सहायक, शिक्षक मो जहीर अब्बास, निदेश पुरी, खान मेम, जलेश्वर प्रसाद साव, अमित बैगा सहित अन्य नागरिक व महाविद्यालय परिवार से रासेयो सहायक किरण गुप्ता, सावित्री केवट व निरंजन उपस्थित रहे।

## स्पोर्ट्स मीट में ग्रामीण युवाओं ने दिखाया अपना दम

**पथरिया।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार अंतर्गत माय भारत संस्था की ओर से पथरिया ब्लॉक के ग्राम बेलखुरी में विकासखंड स्तरीय स्पोर्ट्स मीट कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम माय भारत के बिलासपुर-मुंगेली जिला युवा अधिकारी डॉक्टर दिनेश प्रताप यादव के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। प्रतिस्पर्धा में बालक वर्ग के लिए 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद और बालिक वर्ग में 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, रस्साकशी आदि खेल शामिल रहे। 400 मीटर पुरुष वर्ग दौड़ में नितेश गावड़े पहला, नीलेश यादव दूसरा एवं डुकेश साहू ने तीसरा प्राप्त किया। वहीं 400 मीटर महिला वर्ग में पहले स्थान पर नीतू साहू, दूसरे स्थान पर रंजना एवं तीसरे स्थान पर रेशमी साहू रहीं। पुरुष वर्ग गोला फेंक में मुकेश राजपूत ने पहल, सुरेश राजपूत ने दूसरा एवं साहिल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग गोला फेक में पहला स्थान नीता साहू, दूसरा स्थान रुद्राणी, तीसरा स्थान माहेश्वरी को मिला। पुरूष वर्ग लंबी कूद में पहले नितेश गावड़े, दूसरे महंत कुमार व तीसरे स्थान पर नीलेश यादव रहे। महिला वर्ग रस्साकशी में बेलखुरी की 8 सदस्यीय युवती की टीम विजयी रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो से सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पथरिया जपं सभापति रिंकू सिंह ठाकुर रहे। उन्होंने ग्रामीण युवाओं को खेल के प्रति जागरूक किया एवं युवाओं को अच्छे से परिश्रम करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन मैच रैफरी व खेल शिक्षक खेमसिंह राजपूत ने किया एवं आभार सुरेश कुमार राजपूत ने प्रकट किया। इस अवसर पर छिंदभोग सरपंच ओमप्रकाश यादव, शिवशंकर राजपूत, रविन्द्र ध्रुव, भंवरलाल साहू, अजय यादव, कुशाल यादव के कार्यक्रम का सह आयोजक स्वामी विवेकानंद यूथ क्लब रहे। जिनके अध्यक्ष डुकेश साहू, सुरेश राजपूत, दौलत राजपूत, नागेंद्र गंधर्व, राजू बंजारे, साहिल राजपूत, भास्कर साहू, महेंद्र बघेल, मनोज भास्कर, नितेश राजपूत, बसंत यादव के साथ अन्य मौजूद रहे।

समक्ष नोटरी सिविल
जिला बिलासपुर छ.ग.
// शपथ-पत्र //

मैं किशोर कुमार भेडपाल आयु 35 वर्ष पिता श्री तिरिथराम भेडपाल जाति-गडरिया निवासी- सेंदरी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. का हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक बयान करता हूं:-

1. यह कि मेरे नाम पर आधार कार्ड नंबर 620542240603 बना हुआ है जिसमे मेरा नाम किशोर कुमार भेडपाल लिखा हुआ है जो सत्य व सही है जो मेरा ही नाम है। 2. यह कि मेरे नाम पर बैंक आफ बडौदा शाखा बिलासपुर छ.ग. मे बचत खाता है जिसका खाता क्रमांक 0640010 0023429 है जिसमे मेरा नाम किशोर कुमार पाल लिखा हुआ है वह भी मेरा ही नाम है जो सत्य व सही है। 3. यह कि किशोर कुमार भेडपाल एवं किशोर कुमार पाल ये दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है और ये दोनो नाम मेरे ही है। 4. यह कि मेरे उक्त बैंक खाता मे मेरा नाम किशोर कुमार पाल के स्थान पर किशोर कुमार भेडपाल लिखा जावे, जिसके समर्थन में मैं यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

शपथकर्ता
किशोर कुमार भेडपाल

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने की आईएएस वर्मा पर एफआईआर की मांग



**बिलासपुर।** सरयूपारीण छत्तीसगढ़ी ब्राहम्मण नारी कल्याण संगठन बिलासपुर की महिलाओं ने सिविल लाइन थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर मध्यप्रदेश के आईएस संतोष वर्मा पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। 23 नवंबर की एक बैठक में दिए गए कथित बयान को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में आईएएस संतोष वर्मा पर ब्राह्मण समाज की बेटियों के संबंध में अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया है। इसे लेकर आज ब्राह्मण समाज की महिला अध्यक्ष जयश्री शुक्ला अपने समाज की महिलाओं के साथ सिविल लाइन थाने पहुंचीं, जहां उन्होंने लिखित शिकायत दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि वायरल वीडियो में संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण कन्याओं को लेकर किया गया कथित बयान न केवल जातिसूचक और अश्लील है, बल्कि स्त्री सम्मान का खुला उल्लंघन भी है। जयश्री शुक्ला ने मांग की है कि प्रकरण में भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। रंजन पांडे तथा अन्य महिलाओं ने स्पष्ट किया कि वे इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करती हैं।

### भरनी में तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती महोत्सव मेला 18 से



**बिलासपुर।** भरनी में तीन दिवसीय गुरू घासीदास जयंती महोत्सव मेले का आयोजन 18 दिसंबर से प्रारंभ किया जा रहा है। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष पं. उमादत्त घिलहरे ने बताया कि परसदा, पेण्डारी के त्रिकोण स्थल सतधाम अमृत कुंड तपोभूमि भरनी में 18 दिसंबर से 20 दिसंबर तक तीन दिन हर साल की भांति इस वर्ष भी परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास मेला एवं जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मेला अध्यक्ष श्री घिलहरे ने बताया कि इस मेले में भारत देश के कई प्रदेश सहित छत्तीसगढ़ अंचल के कोने कोने से पंथी नृत्य कलाकारों के दल भाग लेंगे। प्रत्येक पंथी नृत्य कलाकारों को मेला समिति द्वारा पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक एवं पूर्व मंत्री पुन्नू लाल मोहले सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। तीन दिवसीय इस मेला महोत्सव में पंथी नृत्य कलाकार प्रतिदिन अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

### बंद हो गया हावड़ा एंड के ब्रिज का रास्ता




**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के हावड़ा एंड की ओर बने फुट ओवरब्रिज के रास्ते को बंद कर दिया गया है, जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। प्लेटफार्म नम्बर एक और गेट नम्बर चार से लेकर चुचुहियापारा की ओर सेकेंड एंट्री तक एफओबी का पांच साल पहले विस्तार किया गया था। इस कार्य में करीब पांच करोड़ रुपए से अधिक राशि लगी थी। विस्तारित एफओबी के साथ एक यूटीएस कार्यालय का भी निर्माण किया गया। इसकी सुविधा नयापारा, गजरा चौक सहित अन्य लोगों को मिल रही थी। इस दौरान रेल प्रशासन ने रेलवे स्टेशन के डेवलपमेंट का कार्य शुरु कर दिया है। मुख्य गेट की तरह सेकेंड एंट्री की ओर भी प्लेटफार्म के अलावा दूसरा कार्य किया जा रहा है। इसकी वजह से यूटीएस कार्यालय को बंद करने के साथ एफओबी के रास्ते को अस्थायी रूप से ब्लॉक कर तोड़फोड़ का काम शुरु कर दिया गया है।

### 39 साल सेवा देने के बाद मस्तूरी टीआई टाण्डेकर सेवानिवृत्त



**बिलासपुर।** 39 साल पुलिस विभाग में सेवा देने के बाद 30 नवंबर को मस्तूरी टीआई टाण्डेकर सेवानिवृत्त हो गए। मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर वर्ष 1986 में आरक्षक के पद पर राजनांदगांव जिला में भर्ती हुए थे। इस दौरान उन्होंने राजनांदगांव, दंतेवाड़ा, रायपुर, बीजापुर, जांजगीर, कोरबा जिला में सेवाए दी हैं। 30 नवंबर 2025 को श्री टाण्डेकर पुलिस विभाग से सेवा निवृत्त हो गए। थाना परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर श्रीफल, साल, मोमेंटो भेंटकर विदाई दी गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में मस्तूरी क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व जिले के थानेदार व पुलिसकर्मी उपस्थित थे। संभावना जताई जा रही है कि सोमवार को मस्तूरी थाने में नए टीआई को पोस्टिंग हो जाएगी।

### एसईसीआर ने 242 दिनों में माल भाड़े से कमाया 20 हजार करोड़

**बिलासपुर।** बिलासपुर जोन ने 242 दिनों में माल लदान करने के बाद 20 हजार करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है, जो अब तक की सबसे तेज उपलब्धि है। रेलवे के अनुसार देश के कोयला आधारित पावर प्लांट्स, उद्योगों और विभिन्न कारखानों को आवश्यक कच्चे माल जैसे कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट, उर्वरक और मैगनीज की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करने में रेलवे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए देश की ऊर्जा जरूरतों और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला की धूरी बन चुके एसईसीआर ने माल भाड़ा राजस्व अर्जन में कीर्तिमान स्थापित किया है। रेलवे ने केवल 242 दिनों में 20 हजार करोड़ रुपए का प्रारंभिक माल भाड़ा आय अर्जित कर अब तक की सबसे तेज उपलब्धि प्राप्त की है।

---

**इस सत्र में भरीं 6 हजार 935 सीटें** | पिछले साल से रिक्त सीटों की संख्या है कम, विद्यार्थी नहीं ले रहे रुचि

# इंजीनियरिंग कालेजों में खाली रह गईं बीटेक की 4500 से अधिक सीटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



प्रदेश के इंजीनियरिंग कालेजों में इस साल बीटेक की 4 हजार 563 सीटें खाली रह गई हैं, जबकि 6 हजार 935 सीटों पर एडमिशन हुआ है। इंजीनियरिंग में रिक्त सीटों की संख्या पिछले साल से कम है। पिछले साल बीटेके की 5 हजार 787 सीटें रिक्त रह गई थीं।

प्रदेश में हर साल इंजीनियरिंग की सीटें खाली रह रही हैं। हांलाकि अन्य वर्षो से इस बार बीटेक में खाली सीटों की संख्या कम हुई है। इस साल इंजीनियरिंग कालेजों में बीटेक की 4 हजार 563 सीटें खाली रह गई हैं, जिनमें एडमिशन के लिए स्टूडेंटस नहीं मिले हैं। वहीं इस सत्र बीटेक में 6 हजार 935 सीटों पर एडमिशन हुआ है। दूसरी तरफ पिछले साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो बीटेक में 5 हजार 787 सीटें खाली रह गई थीं और 5 हजार 329 सीटें ही भर पाई थीं। वैसे बैचलर ऑफ टेक्नालाजी बीटेक में पिछले साल की अपेक्षा 1606 अधिक सीटों पर एडमिशन हुआ है। सत्र 2025-26 के इंजीनयरिंग के एडमिशन में वृद्धि देखने को मिली है। बैचलर ऑफ टेक्नालाजी बीटेक में व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री इंजीनियरिंग टेस्ट पीईटी के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है।

### बीटेक में कुल 11 हजार 498 सीटें

इस सत्र में प्रदेश के 29 इंजीनियरिंग कालेजों में बैचलर ऑफ टेक्नालाजी बीटेक में प्रवेश दिया गया है। इन इंजीनियरिंग कालेजों में बीटेक की कुल 11 हजार 498 सीटें हैं। इनमें छत्तीसगढ़ के तीनों गवर्नमेंट कालेज बिलासपुर, रायपुर व जगदलपुर इंजीनियरिंग कालेजों की सीटें भी शामिल हैं। गवर्नमेंट कालेजों की सीटें लगभग फूल हो गई थी। पिछले साल बीटेक में 11 हजार 116 सीटें थीं।

### बीटेक में एडमिशन का आंकड़

- 2025-26 - 6935
- 2024-25 - 5329
- 2023-24 - 5440
- 2022-23 - 4148
- 2021-22 - 4820

### काउंसिलिंग के बाद स्पॉट राउंड भी

इस सत्र तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा बीटेक में एडमिशन के लिए कुल तीन राउंड की काउंसिलिंग और एक स्पॉट राउंड काउंसिलिंग भी कराई गई थी। पहले राउंड की काउंसिलिंग के तहत 23 जून से 27 जून तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन हुआ और 29 जून को मेरिट लिस्ट जारी की गई, 30 जून को सीट आबंटन हुआ, जिस पर 6 जुलाई तक एडमिशन चला। सेकंड राउंड काउंसिलिंग 8 जुलाई से शुरू हुई और 11 जुलाई तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन के बा 13 जुलाई को मेरिट लिस्ट व 16 जुलाई को सीटों का आबंटन हुआ, जिस पर 20 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। थर्ड राउंड की काउंसिंलिंग के लिए 22 जुलाई से 25 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन एवं 27 जुलाई को मेरिट लिस्ट और 30 जुलाई को सीटों का आबंटन तथा 3 अगस्त तक एडमिशन दिया गया। पिछले साल दो राउंड काउंसिलिंग और एक स्पॉट राउंड काउंसिलिंग आयोजित की गई थी।

---

**अव्यवस्था...**




शिव टाकीज चौक पर नाली का निर्माण किया जा रहा है। यहां सड़क पर मटेरियल रखने से लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है।

सड़क, नाली, सफाई तक के काम नहीं हो पा रहे

# 70 वार्डों में 10 करोड़ के काम अटके निगम को साल भर से नहीं मिला फंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर नगर निगम की माली हालत इन दिनों बेहद खराब है। वाडों में सड़क, नाली निर्माण और छोटे-मोटे मरम्मत के कार्यों के लिए पार्षदों को जोन और निगम मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।करोड़-दो करोड़ तो दूर जनप्रतिनिधि अपने वार्डों में दो-पांच लाख का भी काम नहीं करा पा रहे हैं। दो-तीन महीने से उनके प्रस्तावों की फाइल फंड नहीं होने के कारण निगम दफ्तरों में धूल खा रही है और जनप्रतिनिधियों को लोगों के सवालों के जवाब देते नहीं बन रहा है। हाल यह है कि पार्षदों को हर साल मिलने वाली 6 लाख रुपए की निधि भी बड़ी मुश्किल से आधी 3 लाख ही मिली है। यही नहीं महापौर को भी ढाई करोड़ में से एक ही किश्त सवा करोड़ रुपए की मिली है। शहर के करीब हर वार्ड में हालत खराब है और शहरवासी परेशान हो रहे हैं।

नगर निगम की नई कार्यकारिणी को बैठे करीब आठ महीने हो गए। इस दौरान कुछेक पार्षदों के वार्ड में ही काम हो पाए हैं। ज्यादातर पार्षद अपने प्रस्ताव लेकर कभी जोन तो कभी निगम मुख्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। शहर के बीच स्थित तालापारा, मगरापारा, श्रीकांत वर्मा मार्ग, विनोबानगर में सड़क और नाली निर्माण के अलग-अलग करीब आधा दर्जन प्रस्ताव पिछले तीन महीने से निगम के जोन दफ्तर में लंबित पड़े हैं। वार्ड की कांग्रेसी पार्षद और निगम की उप नेता प्रतिपक्ष श्रीमती संतोषी रामा बघेल कहा कि कि स्थिति यह हो गई है कि मरम्मत के लाख-दो लाख की फाइल भी स्वीकृत नहीं हो रही है।

### अधिकारियों के चक्कर काटने की मजबूरी

शहर के 70 वार्डों को मिला लें तो करीब 10 करोड़ के कामों के प्रस्ताव निगम के पास हैं। पार्षद इन कामों को लेकर लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं



लेकिन कोई सही जवाब नहीं मिल रहा है। वार्ड क्रमांक 42 देवरीखुर्द क्षेत्र के पार्षद लक्ष्मी यादव के अनुसार उनके वार्ड में सबसे बड़ी समस्या पानी की है। इसके अलावा सड़क कई जगहों पर खराब है। नालियों की सफाई नहीं हो रही है। रिपेयरिंग के काम कई जगहों पर होने है लेकिन बजट नहीं होने का हवाला देते हुए फाइल लौटा दी जा रही है। ध्यान रहे कि तिफरा और सिरगिट्टी क्षेत्र के लोगों ने समस्याओं को लेकर निगम का घेराव भी किया था।

### ठेकेदारों का भी लाखों का बिल बकाया

दरअसल इस बार अधिकांश पार्षद नए हैं और पहली बार चुनकर आए हैं। पिछले पांच-छह महीने से अपने वार्डों में कुछ भी काम नहीं करा पाने की खीझ उनमें देखी जा रही है। पिछले दिनों एमआईसी की बैठक में भी यह बात सामने आई थी। नए पार्षद अपना धैर्य भी खोते जा रहे हैं। इधर ठेकेदारों का भी लाखों का बिल बकाया है इसलिए उन्होंने शहर में एक तरह से काम करने से मना कर दिया। ठेकेदारों के मुताबिक हर साल कम से कम दिवाली में निगम की ओर से भुगतान कर दिया जाता था। इस बार लेकिन एक भी चेक निगम ने नहीं काटा। इससे रोष है। खास तौर पर ठेकेदार मजदूरों को भुगतान नहीं कर पा रहे हैं।

### अधोसंरचना मद की राशि भी नहीं मिली अभी तक

इसी तरह दूसरे वार्डों के पार्षदों का कहना है कि निगम की माली हालत अभी खराब है। निगम अभी कर्ज में है। दरहर साल राज्य शासन से जोनों को अधोसंरचना मद में पांच से छह करोड़ रुपए मिलते हैं। इस साल अब तक यह फंड नहीं आया है। अधिकारियो का कहना है कि इस बारे में नगरीय प्रशासन मंत्रालय के पास फाइल भेजी गई है। जल्द ही राशि स्वीकृत होने की उम्मीद है। इधर हाल यह है कि नगर निगम में प्लेसमेंट पर सफाई का काम के करने वाले सफाई कर्मचारियों को भी तीन से चार महीने का भुगतान नहीं हुआ है। गौरतलब है कि 70 वाडों में करीब तीन हजार सफाईकर्मी कार्यरत हैं और इनका हर महीने करीब ढाई करोड़ का पेमेंट भुगतान बनता है।

### दूसरी किश्त जारी करने कहा गया है

यह सही है कि नगर निगम पार्षदों को मिलने वाली 6 लाख की राशि में से अभी 3 लाख ही मिले हैं। महापौर निधि भी सवा करोड़ ही मिली है। राज्य सरकार की ओर से दूसरी किश्त जल्द जारी करने की बात कही गई है। इसके लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद वार्डों को फंड जारी किए जाएंगे। निगम और जोन आफिसों में लेकिन बजट की समस्या नहीं है। जरूरत के हिसाब से काम कराए जा रहे हैं।

**- श्रीमती पूजा विधानी,**
महापौर, बिलासपुर

---

# केन्द्रीय मंत्री तोखन ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बिलासपुर के वार्ड 24, राजेन्द्र नगर स्थित बूथ क्रमांक 77 पर दक्षिण मंडल के डॉ. सुशील श्रीवास्तव के निवास स्थान पर आयोजित 'मन की बात' कार्यक्रम में सम्मिलित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 128वें एपिसोड का श्रवण किया।

संवाद सुनने के बाद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह मासिक संवाद न केवल शासन-प्रशासन के लिए मार्गदर्शक है, बल्कि जनभागीदारी, राष्ट्रसेवा और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के प्रति देशवासियों की प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ करता है। इस एपिसोड में प्रधानमंत्री ने 'वोकल फॉर लोकल' के महत्व, संविधान दिवस के विशेष कार्यक्रमों, वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ, अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा आरोहण तथा कुरुक्षेत्र में पंचजन्य स्मारक के लोकार्पण का उल्लेख करते हुए देश की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत और अध्यात्मिक परंपराओं को पुनः रेखांकित किया। श्री मोदी ने दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने वाली भारतीय महिला टीम सहित विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धियाँ भारत की 'नारी शक्ति' की प्रेरक मिसाल हैं।

- **सांस्कृतिक गौरव और नारी–शक्ति को समर्पित मोदी के मन की बात : तोखन**

श्री साहू ने कहा कि 'मन की बात' का यह एपिसोड प्रेरणा, राष्ट्रगौरव और जन-उत्थान के संदेशों से परिपूर्ण रहा, जो सभी नागरिकों को राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने की भावना को प्रबल करता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, गुलशन ऋषि, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, जगदीश साव, संजय गुप्ता, मोनू रजक, गणपत, बबलू राजपूत, शिवनारायण तिवारी, भूपेश गुप्ता, नीता श्रीवास्तव, कमल शुक्ला, सुभाष जीना, प्रवीण नायडू, प्रहलाद दुसेजा, भूपेंद्र गुप्ता, जीएस चंदेल, अजय भट्ट एवं कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद थे।



पीएम की मन की बात का श्रवण करते केंद्रीय राज्यमंत्री व अन्य।

# बीपीएस के बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

## एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** पब्लिक स्कूल बहतराई ने अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मनाया। इस अवसर पर कक्षा तीसरी से आठवीं स्तर के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न मनोरंजक, ज्ञानवर्धक एवं मार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किया।

मुख्य अतिथि अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के उप कुलपति अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी, विशिष्ट अतिथि नगर निगम बिलासपुर आयुक्त अमित कुमार, बीपीएस के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल, सचिव सुशील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शिव शरण धर बड़गैयां की उपस्थित्ति रही। इसके अतिरिक्त प्राचार्य संगीता मिश्रा, प्राचार्या रेचल एलेक्जेण्डर, अध्यक्ष अंजली अग्रवाल, निदेशक आशीष अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. सचिन शुक्ला, प्राचार्या बबली अग्रवाल साक्षी बने। विद्यालय के सुशील अग्रवाल ने स्कूल की उपलब्धियां बताई। कक्षा-तीसरी से आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मनमोह लिया। अतिथियों ने विद्यालय की ई-पत्रिका का विमोचन भी किया गया। उसकी मुख्य झलकियां भी प्रदर्शित की गई। विद्यार्थियों की नृत्य नाटिका ने सभी दर्शकों में अपनी अमिट छाप छोड़ी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बाजपेयी ने विद्यार्थियों से कहा कि वे सदैव स्वयं को ज्ञानवान, ऊर्जावान तथा संस्कारवान बनकर देश सेवा के लिए तैयार रहे। विशिष्ट अतिथि अमित कुमार ने विद्यार्थियों को मोबाइल के अनुचित प्रयोग व उसके दुष्परिणामों से सावधान किया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

- **बीपीएस ने मनाया स्थापना का रजत जयंती महोत्सव**

उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सच्चे और ईमानदार नागरिक बनने के लिए अभिप्रेरित किया। निदेशक प्राचार्या डॉ श्रुति गुप्ता ने अभिभावकों एवं पालकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को अपनी राय के अनुसार आंकलन ना करें क्योंकि आज का युग पल-प्रतिपल तीव्र गति से बदल रहा है। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय की उप-प्राचार्या रोजमेरी लक्ष्मण, श्रुति देशपाण्डे, प्रीति दास, सोनम शिवदसानी, निकिता तिवारी, आशीष गुप्ता, दिनेश सोनी, स्वाति बाला गुप्ता आदि का सहयोग रहा।



---

**जिले में 9 हजार से अधिक एड्स के मरीज, 234 बच्चें भी हैं गंभीर चपेट में**

# नशे के इंजेक्शन से फैल रहा एड्स, 5 सौ से अधिक ने कराया इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एचआईवी जैसे गंभीर बीमारी की चपेट में आने से जिले के 9 हजार से अधिक मरीज पीड़ित है। हाल के समय में इंजेक्टेड नशे के कारण संचरित रोगी मिल रहे है। इस साल अबतक 5 सौ से अधिक लोगों को एड्स ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है।




1 दिसंबर यानी एड्स दिवस पर ही स्वास्थ्य संगठनों को इस गंभीर बीमारी की याद आती है, जबकि इसके रोकथाम और उपचार को लेकर प्रचार-प्रसार की गति सुस्त हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रोगियों को दवा मुफ्त में दिला अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रहा है लेकिन लोगों में जागरूकता का अभाव अभी भी है। यही कारण है कि साल भर में 556लोगों को एड्स ने अपनी चपेट में ले लिया है। यह आंकड़ा सिम्स के एआरटी सेंटर से प्राप्त है, जहां नए मरीजों ने अपना पंजीयन उपचार और दवा के लिए कराया है। सूत्रों के मुताबिक इसमें ज्यादातर मरीज इंजेक्टेड नशे के शिकार हैं, और यही उनकी बीमारी का सूत्रधार भी हैं। जिले में जिस तरह नशे का कारोबार फल फूल रहा है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि नशे के अलावा एड्स जैसी बीमारी भी घरों तक पहुंच रही है। ऐसे में एड्स पर लगाम महज उपचार से नहीं होगा, बल्कि युवाओं के साथ ही बच्चों को भी एचआईवी जैसे भंयकर बीमारी के बारे में जागरूक करने की मुहिम चलानी होगी।

### एड्स को लेकर सिम्स की सुविधाएं

एचआईवी की पहचान करने जांच बेहद जरूरी है। इसके लक्षण काफी समय के बाद ही शरीर में दिखाई देते है ऐसे में मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पता और सारी जिंदगी इस बीमारी के चपेट में रहते है और अन्य लोगों तक संक्रमण पहुंचाते है। सिम्स का एआरटी सेंटर एड्स के उपचार में अग्रणी संस्थान है। यहां आईसीटीसी जांच सेंटर, (गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए पीपीटीसीसेंटर, मरीजों की पहचान के लिए ब्लड बैंक काउंसलर एवं लैब टेक्नीशिन, यौन जनित रोगियों के लिए एसटीआई सेंटर, इंजेक्टिंग ड्रग यूजर के लिए ओएसटी सेंटर स्थापित है।

### जूझ रही 62 गर्भवती महिलाएं

एचआईवी संक्रमित गर्भवती महिलाओं के होने वाले बच्चों को संक्रमण का खतरा 40 फीसदी होता है। इसी साल 62 गर्भवती महिलाओं की जांच में एड्स के पुष्टि हो चुकी है। जिनसे पैदा होने वाले बच्चों को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ईवीटीएचएस से जोड़कर स्वस्थ्य डिलिवरी करने और 18 साल तक उपचार और दवा की कवायद कर रही है।

### करते हैं काउंसिलिंग

लोगों में यौन जनित रोगों के लिए जागरूकता आई है। सुरक्षित यौन संबंध ही एक मात्र उपाय है। लेकिन इंजेक्टेड नशे कारण बड़ी तादात में युवा पीढ़ी एचआईवी जैसे रोगों की चपेट में आ रही है। दरअसल एक ही इंजेक्शन का उपयोग कई लोग करते हैं। हम सिम्स पहुंचने वाले मरीजों की कांउसलिंग करते हैं और पूरा उपचार लेने के लिए कहते हैं।

**-डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक,
सिम्स अस्पताल

**मैनुअल टेस्ट होगा बंद** परिवहन विभाग खर्च करेगा 1 करोड़ 80 लाख रूपए, अब ड्राइविंग लाइसेंस महज औपचारिकता नहीं होगी

# लगरा में बनेगा आटोमेटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक, जमीन पर कब्जा, किया जाएगा सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जल्द ही ड्राइविंग लाइसेंस कम्प्यूटराईड व सैमुलेटेड मशीनों के परीक्षण के आधार पर ही बनेंगें। रायपुर की तर्ज पर बिलासपुर में भी आटोमेटिक ड्राइविंट टेस्टिंग ट्रैक की स्थापना होगी। इसके लिए विभाग के पास 1 करोड़ 80 लाख रूपए का बजट आ चुका है।

- 2 एकड़ क्षेत्र में ट्रैक का होगा निर्माण




जमीन लगरा स्थित 12 एकड़ जमीन पर ही बनेगी। इसके 2 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जाधारियों का कब्जा जमा है, इसे हटाने के लिए सोमवार को राजस्व व परिवहन अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचेगी। सड़क पर दौड़ने वाले वाहन चालकों को प्रशिक्षित होना अनिवार्य है, इसकी गारंटी ड्राइविंग लाइसेंस के जरिए ही होती है, लेकिन अब मैनुअल तरीके से ड्राइविंग लाइसेंस बनना बंद हो जाएगा। दरअसल जल्द ही लगरा स्थित आरटीओ कार्यालय में आटोमैटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक बनाया जाएगा, जहां कम्प्यूटराईड व सैमुलेटेड मशीनों के द्वारा चालक ड्राइविंग टेस्ट में पास होंगे। खास बात यह है कि अब ड्राइविंग लाइसेंस महज औपचारिकता नहीं होगी, जिससे सड़क पर हादसे कम हो सकेंगे और सुरक्षित ड्राइविंग संभव होगी। दरअसल लगरा में आटोमेटिक ड्राइविंट टेस्टिंग ट्रैक की बनाने का रास्ता साफ हो चुका है। करीब 1 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से 2 एकड़ क्षेत्र में ट्रैक का निर्माण होगा।

### यह होगी व्यवस्था

ट्रैक बनाने के लिए आरसीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसमें ट्रैक के दोनों ओर सेंसर लगाए जाएंगे। वाहन चालक के हर मूवमेंट की खबर सेंसर को होगी। टेस्ट देने वाले की ड्राइविंग स्कील जैसे गाड़ी पर ब्रेक लगाना, स्पीड, संतुलन, लेन, सिग्नल जैसे सभी निर्देश का पालन सेंसर में दर्ज होगी। इसी के आधार पर ऑनलाइन रिपोर्ट जनरेट कर ड्राइविंट टेस्ट रिपोर्ट में पास व फेल का मार्क दर्शाया जाएगा।

### जमीन का सीमांकन कल

परिवहन विभाग को आबंटित जमीन खसरा नंबर 637/1, 637/4 रकबा 2.218, 4.047 हेक्टयर जमीन पर सोमवार को सीमांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस दौरान राजस्व विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगें। परिवहन विभाग ने आपत्ति के लिए नियत तिथि में भूमि दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश जारी किया है।

### किया जाएगा सीमांकन

आटोमैटिक कम्प्यूटराईड ड्राइविंग टेस्ट टैक का निर्माण किया जाना है, इसे पहले जमीन पर कुछ अतिक्रमण है, इसे हटाने के लिए परिसर का सीमांकन किया जाएगा। करीब 2 एकड़ में ट्रैक और अन्य निर्माण कार्य किया जाएगा।

**-असीम माथूर**, आरटीओ, परिवहन विभाग

## संडे बाजार...



रविवार को रिवर व्यू में लगा संडे मार्केट, खरीददारी करने उमड़े लोग, देर रात तक सड़क पर लगा रहा जाम।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से मासूम बच्ची की मौत

**बिलासपुर**। तेज रफ्तार बाइक चालक ने सड़क किनारे खड़ी मासूम बच्ची को टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बिल्हा पुलिस के अनुसार, ग्राम गुमा निवासी श्रुति गेंदले पिता सुनील गेंदले 5 साल 27 नवंबर को अपने पिता के साथ बाल कटवाने के लिए बिटकुली जा रही थी। रास्ते में उनका पिता सड़क किनारे बाइक को खड़ी कर बेटी को छोड़कर परिचित के घर चले गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे बिना नम्बर के बाइक के चालक अजय बंजारे पिता हरिशंकर बंजारे 22 साल ने श्रुति को टक्कर मार दी। हादसे में श्रुति के सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें इलाज के लिए बिल्हा अस्पताल ले गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने बाइक चालक अजय बंजारे के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### शराब खरीदकर बेचने जा रहा युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर**। शहर की शराब दुकानों से भारी मात्रा में शराब खरीदकर उसे बेचने जा रहे बाइक सवार युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 65 पाव देशी शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। तारबाहर थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया कि रविवार की शाम क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि एक युवक बाइक में भारी मात्रा में शराब लेकर बिक्री करने जा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ सीएमडी चौक के आगे घेराबंदी कर बाइक सवार खमरिया निवासी महावीर कौशिक पिता स्व. सोनूराम कौशिक 58 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर थैले व डिक्की में 65 पाव देशी शराब मिली। श्री यादव ने बताया वह खमरिया से शहर आकर घूम घूमकर शराब दुकानों से 5 से 6 पाव देशी शराब खरीदते हुए शराब एकत्रित बिक्री करने के लिए गांव लेकर जा रहा था। पुलिस ने शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### युवती से अनाचार का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**। मंदबुद्धि के गर्भवती होने पर सनसनी फैल गई। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने अनाचार करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक मंदबुद्धि युवती अपने पिता के साथ रहती है। रिश्तेदार व आसपास के लोगों ने उसकी जांच कराई, जिसमें उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई। परिजन ने युवती से पूछताछ की तो उसने बताया कि 15 अगस्त को घोंघाडीह निवासी शंकर कुर्रे शराब पीकर उसके साथ अनाचार किया। उसके बाद मंदबुद्धि का फायदा उठाकर लगातार शारीरिक संबंध बना रहा था। पुलिस ने परिजन की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 69 के तहत शंकर कुर्रे को गिरफ्तार कर लिया है।

## उत्तरप्रदेश का ड्राइवर निकला मृतक

**बिलासपुर**। 24 दिन अथक प्रयास से आखिरकार पुलिस को तिफरा सब्जी मंडी की झाड़ियों में मिली अधजली लाश की पहचान करने में सफलता मिल गई है। मृतक यूपी का ड्राइवर था और वह गाड़ी चलाने के लिए एक माह से यूपी से निकला था।



- तिफरा में मिली अधजली लाश की हुई पहचान

ज्ञात हो कि 7 नवंबर 2025 को तिफरा के लोगों को सब्जी मंडी के पास झाड़ियों में युवक की अधजली लाश दिखी थी। उसकी हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए लाश जला दी गई थी। पुलिस ने मौके से कुछ कपड़ों के टुकड़े, जले हुए सामान जब्त किया था। सभी समानों को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा गया था। टीआई किशोर केंवट ने बताया, स्थानीय स्तर पर पहचान करने के लिए घटनास्थल के आसपास 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गए। उसमें पहचान नहीं होने पर प्रदेश के थानों से 25 से 30 साल के लापता लोगों की जानकारी ली गई। इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से दूसरे प्रदेश में पहचान करने का प्रयास किया गया। उसके बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो पाई। उसके बाद घटनास्थल पर उस समय का मोबाइल टावर लोकेशन डंप किया गया। उस दौरान करीब 250 मोबाइल नम्बर सामने आए। उसमें से करीब 17 से 18 दूसरे प्रदेश के बंद मोबाइल को निकालकर उसका कालडिटेल निकालकर परिजनों से संपर्क किया। 24 दिन अथक प्रयास के बाद शनिवार को मृतक की पहचान मुन्नर सेरिया नेवारी सोनभद्र उत्तर प्रदेश निवासी गोपाल प्रसाद के रूप में पहचान हुई। उसकी पत्नी ने कपड़ा व अन्य सामान देखकर पहचान की है।

### ड्राइवर था मृतक

पुलिस के अनुसार, मृतक पेशे से ड्राइवर था और 22 दिन पहले गाड़ी लेकर यूपी से निकला था। उसके दो बच्चे है। घटना के एक दिन पहले 6 नवंबर को अपनी पत्नी को फोन लगाकर 7 नवंबर को यूपी घर लौटने की बात कही थी। वह घर नहीं पहुंचा, किन्तु उनकी मौत की खबर पहले आ गई।

### शराब दुकान से खरीदा था पव्वा

शव को सूंघने के बाद सर्चडाग भागते हुए तिफरा सब्जी मंडी शराब दुकान गया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा खंगाला तो मृतक एक पव्वा शराब खरीदकर अकेले जाते दिख रहा था। उसके बाद उसके बाद उसके साथ क्या हुआ इसका सुराग नहीं मिल पा रहा है।

### मृतक की पहचान हो गई

स्थानीय स्तर पर मृतक की पहचान नहीं होने पर लगाकर इलेक्ट्रानिक तथ्यों के माध्यम से पहचान का प्रयास किया जा रहा था। मोबाइल के माध्यम से मृतक की पहचान यूपी निवासी ड्राइवर गोपाल कुमार के रूप में की गई है। अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। ।

-निमितेश सिंह परिहार, सीएसपी

बोईरपड़ाव का मामला: ईको पर्यटन आधारित रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं करा पाया

# वन विभाग नाकाम : अब नेचर कैंप की जिम्मेदारी समिति के हाथों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन मंडल बिलासपुर का बोईरपड़ाव में सबसे चर्चित रिसॉर्ट अब पूरी तरह से जर्जर हो गया है। इसे संवारने के लिए वन विभाग के पास पैसा नहीं है और शासन से भी किसी तरह की राशि नहीं मिल रही है। इसके कारण अब नेचर कैंप को नई तरह से बनाने और उसकी जिम्मेदारी गांव के समिति के हाथों में देने का निर्णय लिया गया है।

नेचर कैम्प वन विभाग की महत्वपूर्ण योजना है। कुछ प्रमुख वन मंडलों में नेचर कैम्प बनाने की योजना थी। जब इन वन मंडलों की सूची में बिलासपुर वन मंडल का नाम शामिल हुआ था तो इस बात की प्रसन्नता हुई कि विभाग पर्यटकों को एक बड़ी सौगात दे रहा है। बिलासपुर वन मंडल ने शहर से करीब 55 किलोमीटर की दूरी पर खोंदरा के बोइरपड़ाव में वर्ष 2013-14 में नेचर कैम्प का निर्माण कार्य किया। जंगल के बीचो बीच विभागीय अफसरों ने करीब 7 टेंट बनाए, जिसमें पर्यटकों के आराम के लिए बेड, खाने-पीने के लिए टेबल कुर्सियां, लाइट की भी सुविधा दी गई।

अस्तित्व में आने के बाद नेचर कैम्प पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हो गया। इसकी वजह नेचर कैम्प के पीछे प्रकृति का भव्य नजारा था। घनघोर जंगल के बीच चट्टान और उसमें बहता पानी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र था। करीब 22 लाख रुपए से अधिक की लागत से बनाए गए नेचर कैम्प की अब न तो बुकिंग होती है और न ही पर्यटकों को इस क्षेत्र में सैर करने की अनुमति दी जाती है। जर्जर हो रहे नेचर कैम्प को संवारने के लिए वन विभाग बिलासपुर के अफसरों ने ईस्टीमेट और बजट बनाकर कई बार मुख्यालय को भेजा, लेकिन मुख्यालय ने बजट स्वीकृत के लिए किसी तरह की अनुमति नहीं दी। बजट के अभाव में विभाग नेचर कैम्प की मरम्मत भी नहीं करा रहा है। असुविधा और विभाग की बेवजह की सख्ती के कारण पर्यटक भी नेचर कैम्प से मुंह फेरने लगे हैं।



**गेट पर लगा दिया है ताला:** खोंदरा नेचर कैम्प को संभालने वाले पूर्व कर्मचारियों का कहना है कि विभाग मेंटनेंस से हाथ खींच चुका है। अब गेट पर ताला लगा रहता है, जिसकी वजह से प्रतिदिन पर्यटक मायूस लौटते हैं। पर्यटकों के नहीं होने और मेंटनेंस के अभाव में नेचर कैम्प उजाड़ नजर आ रहा है। चारों ओर झाड़ियां और टेंट का बुरा हाल है। तेज आंधी से टेंट उड़ सकते हैं। टेंट के अंदर बिछाए कारपेट खराब हो गए हैं और दरवाजे के चेन नहीं लग रहे हैं।

**पहुंच मार्ग उबड़ खाबड़:** आरक्षित जंगल होने की वजह से वन विभाग नेचर कैम्प जाने के लिए बनी सड़क को नहीं बना सकता है। नेचर कैम्प जाने वाली सड़क ऐसी है कि मेन रोड से जंगल होते हुए टेंट तक 1 किलोमीटर का रास्ता पार करने में पर्यटकों को एक घंटे से अधिक का समय लग जाता है। उबड़ खाबड़ रास्ते को विभागीय अफसर बनाना नहीं चाहते हैं। वहीं एटीआर और कानन पेण्डारी जू दोनों जगह मिट्टी व मुरूम की सड़क पर पर्यटक आसानी से पहुंचकर भ्रमण का लुत्फ उठाते हैं।

### उद्देश्य नहीं हो सका पूरा

नेचर कैम्प बनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण व वनों के महत्व से अवगत करना, प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के प्रति रूचि जागृत करना और स्थानीय वनवासियों को ईको पर्यटन आधारित रोजगार से अवसर उपलब्ध कराना था। 10 साल बाद भी इसका उद्देश्य पूरा नहीं हो पाया। किसी भी स्कूल के छात्रों का कैंप यहां नहीं लगा और न ही उन्हें पर्यावरण की जानकारी दी गई।

### समिति करेगी संचालन

बोईरपड़ाव का नेचर कैँप की हालत काफी खराब हो चुकी है। इसे संवारने के लिए कई बार बजट की मांग भी की गई है। अब नेचर कैंप को समिति को देने का निर्णय लिया गया है। समिति इसको संवारने के साथ संचालन भी करेगी, जिससे समिति के सदस्यों को रोजगार भी मिल सकेगा। यह कार्य जल्द ही पूरा किया जाएगा।

**-नीरज कुमार**, डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

### 29 अनाधिकृत वेंडर से 80 हजार का जुर्माना

**बिलासपुर**। स्टेशन एवं गाड़ियों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई खानपान की गुणवत्ता को बरकरार रखने तथा उसमें लगातार सुधार लाने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मंडल वाणिज्य विभाग गाड़ियों व प्रमुख स्टेशन में अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम हेतु नियमित रूप से खानपान जांच अभियान चला रही है। इसके तहत अनाधिकृत वेंडरों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन के नेतृत्व में वाणिज्य निरीक्षक, वाणिज्य पर्यवेक्षक व टीम ने अभियान के दौरान 29 अनाधिकृत वेंडरों को पकड़ा, जिनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 80 हजार 460 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह नवंबर 2025 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह नवंबर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 दिसंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

### आरपीएफ ने पकड़ा कोयला चोर

**बिलासपुर**। आरपीएफ ने कोयला चोरी कर फरार हो रहे आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। उपनिरीक्षक एसबी सिंह, सीटी बी रॉय, बी नागले यार्ड बायपास के पास पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान मिनीमाता सिविल लाइन निवासी फिरोज खान उर्फ फज्जू पिता शेर खान 22 साल के पास बोरी में रखा कोयला मिला, जिसे वह खड़ी मालगाड़ी से चोरी कर ले जा रहा था। आरपीएफ ने फिरोज खान से कोयला जब्त करने के बाद आरपीयूपी एक्ट 3 ए के तहत कार्रवाई की है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## आठ साल बाद पकड़ा गया रेल संपत्ति चोरी का स्थायी वारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आठ साल पहले रेल संपत्ति चोरी के मामले में पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से वह फरार हो गया था। न्यायालय के आदेश मिलने के बाद आरपीएफ की टीम ने स्थायी वारंटी को उसके निवास से गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार रेल संपत्ति चोरी के मामले में एक आरोपी सिरगिट्टी नयापारा निवासी संतोष यादव पिता स्वर्गीय धन्नूलाल 37 साल को पकड़कर रेलवे न्यायालय में पेश किया गया था। कोर्ट से जमानत पर छूटने के बाद उसने पेशी में जाना बंद कर दिया और फरार हो गया था। न्यायालय ने आरोपी संतोष यादव को तत्काल पकड़ने का आदेश रेलवे सुरक्षा बल को दिया। कोर्ट से आदेश मिलने के बाद आरपीएफ की टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। आठ साल के बाद आरपीएफ को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी बुधवारी बाजार महेश होटल के पास घूम रहा है। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक नंद बहादुर के मार्गदर्शन में सहायक उपनिरीक्षक बीएस पटेल, प्रधान आरक्षक एसके पाटिल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थायी वारंटी के आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसकी सूचना उसके परिजन को भी दी गई। आरपीएफ ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।




### परिचित बनकर महिला से 7 लाख 94 हजार रुपए की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर**। एक महिला को फोन कर उनका परिचित बनकर एटीएम कार्ड, आधार कार्ड की गोपनीय जानकारी लेकर 7 लाख 94 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया कि मिशन हास्पिटल के सामने अकबर चाल निवासी कमलेश टण्डन पति मधुप टण्डन भोपाल में एफसीआई में काम करने के दौरान एचटी चेलानी से जान पहचान थी। विगत दिनों उनके मोबाइल पर अनजान मोबाइल नम्बर से फोन कर अपने आपको एचटी चेलानी बताते हुए पैसे की मांग की गई। श्रीमती टण्डन ने 3 बार में फोन पे माध्यम से उनके बताए गए बैंक खाते में 2 लाख 94 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया। उसके बाद मोबाइलधारक ने पैसा लौटाने की बात कहते हुए उनसे एटीएम कार्ड, आधारकार्ड की गोपनीय जानकारी ले ली। उसके बाद उनके बैंक से पैसा ट्रांसफर कर लिया। श्रीमती टण्डन से कुल 7 लाख 94 हजार रुपए की ठगी की गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर मोबाइलधारक एचटी चेलानी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
80 शीटें शेष श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411